दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 264 जयपुर, रविवार, 03 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



**इसरो ने रचा नया इतिहास** अब सूर्य की ओर आदित्य-एल1 की 125 दिन की यात्रा शुरू

## सूर्ययान ने भर ली उड़ान... हुआ जय-जय हिंदुस्तान

एजेंसी | श्रीहरिकोटा

इसरो ने शनिवार को अपने पहले सूर्य मिशन पीएसएलवी-सी57/आदित्य-एल1 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च कर इतिहास रच दिया। लॉन्चिंग पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के दूसरे लॉन्च पैड से पूर्वाह्न11:50 बजे की गई। यह इस रॉकेट की यह 25वीं उड़ान थी। इसरो ने कहा कि पीएसएलवी रॉकेट पर सवार आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक अलग हो गया और अब यह सूर्य की ओर 125 दिन की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ेगा।



### सटीक तरीके से कक्षा में स्थापित

इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा, "आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान को पीएसएलवी ने बहुत सटीक और त्रुटिहीन तरीके से 235 गुणा 19,500 किलोमीटर की अपेक्षित अंडाकार कक्षा में स्थापित कर दिया।" उनके साथ परियोजना निदेशक निगार शाजी और मिशन निदेशक बीजू भी मौजूद थे।

### क्या है लैरेंज पॉइंट

लैरेंज पॉइंट यानी L... यह नाम गणितज्ञ जोसेफी-लुई लैरेंज के नाम पर दिया गया है। इन्होंने ही इन लैरेंज पॉइंट्स को खोजा था। जब किसी दो घूमते हुए अंतरिक्षीय वस्तुओं के बीच ग्रैविटी का एक ऐसा पॉइंट आता है, जहां पर कोई भी वस्तु या सैटेलाइट दोनों ग्रहों या तारों की गुरुत्वाकर्षण से बचा रहता है।

### रॉकेट के बारे में...

- यह पीएसएलवी रॉकेट की 59वीं उड़ान है।
- पीएसएलवी-एक्सएल वैरिएंट की 25वीं उड़ान है।
- यह रॉकेट 145.62 फीट ऊंचा है।
- लॉन्च के समय वजन 321 टन रहता है।
- यह चार स्टेज का रॉकेट है। 6 स्ट्रैप ऑन होते हैं।

### प्रधानमंत्री ने दी इसरो को बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए अतंरिक्ष की बेहतर समझ विकसित करने के वास्ते हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे। भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए हमारे वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों को बधाई।"

### वैज्ञानिकों के आभारी और ऋणी हैं: खरगे



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "तमसो मा ज्योतिर्गमय- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। हम अपने वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियरों, शोधकर्ताओं और अपने कड़ी मेहनत करने वाले कर्मियों के ऋणी और आभारी हैं।

**जरूरी खबर**

### हाई कोर्ट ने सीएम गहलोत को जारी किया नोटिस



**जयपुर।** ज्यूडिशियरी को लेकर दिए बयान मामले में हाई कोर्ट ने शनिवार को सीएम अशोक गहलोत को नोटिस जारी किया है। इसमें गहलोत से जवाब मांगा है कि उन्होंने किस आधार पर बयान दिए। वकील शिवचरण गुप्ता की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि सीएम ने जजों के साथ वकीलों की प्रतिष्ठा को कम करने वाला बयान दिया है। सीएम के खिलाफ अदालत की अवमानना को लेकर एक्शन होना चाहिए। अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी।

### पाक को हराकर भारत ने पहला हॉकी 5 एशिया कप जीता



**सालालाह (ओमान)।** भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरुष हॉकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईएच पुरुष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। निर्धारित समय में भारत के लिए मोहम्मद राहील ने दो, जुगराज सिंह और मनिंदर सिंह एक-एक गोल दागे। वहीं, गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए।

**धरियावद में महिला को निर्वस्त्र घुमाने का मामला**

# गहलोत मिले पीड़िता से... देंगे 10 लाख और सरकारी नौकरी

- महज 12 घंटे में ही पुलिस ने कर लिया 10 आरोपियों को गिरफ्तार, एसआईटी गठित
- मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने लिया संज्ञान, भाजपा ने बनाई जांच कमेटी

बेधड़क | जयपुर

प्रतापगढ़ जिले के धरियावद में निर्वस्त्र कर घुमाई गई पीड़िता और उसके माता-पिता से शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बात की। सीएम ने पीड़िता को 10 लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। इसका केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाएंगे और आरोपियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं और अपराधियों का कोई स्थान नहीं है।

**सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं और अपराधियों का कोई स्थान नहीं**



### सीएम ने साधा प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की कानून व्यवस्था की स्थिति की तुलना मणिपुर से करने को लेकर शनिवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, "मैं प्रधानमंत्री जी को कहना चाहूंगा कि मणिपुर में दो महिलाओं को पुलिस की मौजूदगी में निर्वस्त्र घुमाया गया और दुष्कर्म किया गया लेकिन दो महीने तक आपको मालूम ही नहीं पड़ा।" उन्होंने यह भी कहा कि धारियावद की अमानवीय घटना की सत्ता पक्ष और विपक्ष को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए, जिससे समाज में संदेश जाए कि ऐसे मामले में कोई राजनीति नहीं हो रही है।

### चार नाबालिग को किया गया निरुद्ध

पुलिस ने इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 4 नाबालिगों को निरुद्ध किया गया है। प्रतापगढ़ पहुंचे एडीजी (क्राइम) दिनेश एमएन ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। उन्होंने बताया कि एसपी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीमों ने रातभर छापेमारी कर मुख्य आरोपी (महिला के पति) सहित 10 को गिरफ्तार और चार नाबालिगों को निरुद्ध कर दिया है।

### त्वरित कार्रवाई: डीजीपी मिश्रा

डीजीपी उमेश मिश्रा ने बताया कि एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के पर्यवेक्षण, आईजी बांसवाड़ा रेंज और एसपी प्रतापगढ़ के सुपरविजन में गठित एसआईटी जांच के बाद रिपोर्ट राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय को सौंपेगी। उन्होंने बताया कि सीएम गहलोत के निर्देश पर एडीजी दिनेश एमएन, संभागीय आयुक्त, आईजी बांसवाड़ा रेंज, कलेक्टर, एसपी ने मौके पर पहुंच अभियुक्तों को पकड़ने के लिए सीओ आशीष कुमार, श्योराज मीणा व धनफूल मीणा के नेतृत्व में 30 टीमों का गठन किया था।



### ये आरोपी पकड़े रातोंरात

डीजीपी ने बताया कि पुलिस ने 12 घंटे में मुख्य आरोपी कान्हा पुत्र लालिया, नाथू पुत्र नगजी मीणा व वेणिया पुत्र भेरा के साथ पिन्टू पुत्र भेरिया, खेतिया पुत्र लेम्बिया मीणा, मोतीलाल पुत्र रामा मीणा, पूनिया पुत्र बाबरिया मीणा, केसरा पुत्र मानेंग मीणा, सूरज पुत्र केसरा वे नेतिया पुत्र पांचिया सभी निवासी पहाड़ा-निचला कोटा को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों के पैर में चोट आई।

### मानवाधिकार आयोग ने तलब किया आईओ को

इस घटना को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग ने प्रसंज्ञान लिया है। राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष ने प्रतापगढ़ एसपी को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी है। वहीं, जांच अधिकारी को दस्तावेजों के साथ 14 सितंबर को पेश होने के आदेश भी दिए हैं।

### भाजपा की कमेटी

घटना को लेकर भाजपा ने एक कमेटी का गठन किया । प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि कमेटी तथ्यों की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद पार्टी आगे की रणनीति तय करेगी। इसमें प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी, प्रदेश मंत्री कृष्णा कटारा व सोजत से विधायक शोभा चौहान शामिल हैं।

### आशा है दोषियों को सख्त सजा मिलेगी: प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आशा है कि पीड़िता को जल्द न्याय मिलेगा और घटना को अंजाम देने वालों को सख्त सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजस्थान सरकार ने त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों की गिरफ्तारी की है व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सजा दिलाने की घोषणा की है।

**'एक देश-एक चुनाव' के लिए आठ सदस्यीय समिति अधिसूचित**

## शाह और गुलाम नबी शामिल, अधीर ने किया इनकार



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर गौर करने और जल्द से जल्द सिफारिशें देने के लिए शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति अधिसूचित कर दी। समिति की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे और इसमें गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह सदस्य होंगे। इधर, कांग्रेस के अधीर रंजन ने कमेटी में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

### वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे भी सदस्य

इसमें पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में समिति की बैठकों में हिस्सा लेंगे, जबकि कानूनी मामलों के सचिव नितेन चंद्रा समिति के सचिव होंगे।

## भारत-पाक मैच रद्द, अब नेपाल से हर हाल में जीतना ही होगा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। दोनों टीमों को एक -एक अंक बांट दिया गया है। टीम इंडिया इस अहम मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 266 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान के लिए तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा चार, जबकि हारिस रऊफ और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट लिए। भारत के लिए हार्दिक पंड्या ने 87 और ईशान किशन ने 82 रन बनाए। वहीं, दूसरी पारी में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। अब पाकिस्तान सुपर 4 में पहुंच गई है। वहीं, भारत को सुपर 4 इसके लिए हर हाल में नेपाल के खिलाफ मैच जीतना होगा।

**भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा शुरू**

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले, राज्य में शासन नाम की कोई चीज नहीं

- प्रतापगढ़ की घटना को लेकर राज्य सरकार पर बरसे
- प्रदेश की यह छवि बदलनी है तो गहलोत सरकार को बदलना होगा

नड्डा ने परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखा किया रवाना

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा और लोकसभा चुनावों को फतेह करने को लेकर भाजपा की 'परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत शनिवार को सवाई माधोपुर से हुई।

इस यात्रा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंत्रोच्चारण व पूजा-पाठ के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले सवाई माधोपुर के दशहरा मैदान में जनसभा में नड्डा राजस्थान सरकार पर जमकर बरसे।

उन्होंने प्रतापगढ़ में हुई आदिवासी महिला को निर्वस्त्र घुमाने की घटना को लेकर सीएम गहलोत पर निशाना साधा और कहा कि प्रदेश में शासन नाम की कोई चीज नहीं हैं। शुक्रवार को प्रतापगढ़ के धरियावद की घटना शर्मसार करने वाली है।



### राजस्थान की सरकार बदलने का आह्वान

नड्डा ने कहा कि चाहे अलवर, बाड़मेर, चूरू का किस्सा हो, सब जगह जघन्य अपराध हो रहे हैं। अबोध बच्चियों से रेप हो रहे हैं। राजस्थान में क्या यही चलने देना है? अगर नहीं चलने देना है तो परिवर्तन करना होगा। क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान महिला अत्याचार और रेप के मामले में नंबर वन है। यह छवि बदलनी है तो गहलोत सरकार को बदलना होगा।

### जनता सबक सिखाएगी सरकार को

नड्डा ने कहा कि प्रतापगढ़ का वीडियो चौंकाने वाला है। राजस्थान में हर दिन महिलाओं का अपमान हो रहा है और गहलोत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। सब जगह महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध की घटनाएं हो रही हैं। कहीं बलात्कार कर, कहीं भट्टी में जला देना, कहीं एसिड डाल कुंए में फेंक देना। 54 माह में राजस्थान में लगभग 10 लाख केस दर्ज हुए हैं। बलात्कार के लगभग 22 प्रतिशत मामले अकेले राजस्थान में दर्ज हो रहे हैं।

### इन्हें सत्ता में रहने का हक नहीं

ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। गहलोत सरकार ने प्रदेश को बदनाम कर दिया है। जो राजस्थान महिलाओं के सम्मान के लिए जाना जाता था, वहां आज बेटियों, बहनों के साथ अमानवीय दुर्व्यवहार हो रहा है, बलात्कार हो रहा है।

### अमित शाह आज आएंगे

भाजपा की दूसरी यात्रा रविवार को डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम से रवाना होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आमसभा के बाद इस परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के 11 जिलों के लिए प्रस्थान करेगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल ने आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग पर बधाई दी



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग पर इसरो और समस्त देशवासियों को बधाई दी है। मिश्र ने चंद्रयान-3 के बाद इसरो की इस अभूतपूर्व पहल की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। इसके अलावा सभी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े व शासन प्रशासन में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों ने भी आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग पर बधाई दी।

### टंकी पर चढ़े 6 छात्रों पर मामला दर्ज

**जयपुर।** अलग- अलग इलाकों में कोचिंग सेंटर के ताले खुलवाने की मांग को लेकर तीन पानी की टंकियों पर चढ़े छह छात्रों के खिलाफ भय फैलाने और आपराधिक कृत्य करने पर पीएचईडी विभाग के अधिकारियों ने ज्योति नगर और गांधी नगर थाने में मामले दर्ज कराए हैं। पुलिस के अनुसार एक पहल इंडिया संस्था की एक छात्रा और नौ छात्र शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे ज्योति नगर इलाके में सहकार मार्ग स्थित पीएचईडी के ऑफिस वाली टंकी, गांधी नगर इलाके में बापू नगर स्थित टंकी पर और मालवीय नगर इलाके में सेक्टर एक स्थित टंकी पर पर चढ़ गए। पुलिस ने देर रात समझाइश करके सभी को टंकी से नीचे उतार लिया था।

### विजन दस्तावेज 2023 तैयार करने के दिए निर्देश



**जयपुर।** राजस्थान मिशन-2030 की परिकल्पना के तहत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सेंस्टाइजेशन कार्यक्रम आयोजित की गई। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त एवं पदेन निदेशक नवनीत कुमार ने सभी जिला रसद अधिकारियों को विजन दस्तावेज-2030 तैयार करने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि संभाग, जिला, ब्लॉक स्तर पर संबंधित हितधारकों एवं लाभार्थियों के साथ 'विजन दस्तावेज-2030' पर परामर्श कर विजन डॉक्यूमेन्ट 2030 तैयार किया जाए।

---

**मुख्यमंत्री का अधिकारियों के साथ मंथन:** सीएमआर में गहलोत ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

# बीमा क्लेम व इनपुट सब्सिडी का शीघ्र होगा भुगतान: सीएम

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धरियावाद से लौटने के बाद शनिवार को सीएमआर पर दो महत्वपूर्ण विभागों और मुद्दों को लेकर शासन प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सीएमआर में पुलिस अधिकारियों के साथ लॉ एंड ऑर्डर की बैठक ली।

साथ ही सीएमआर में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की मीटिंग को भी संबोधित किया। इस दौरान सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी प्रकार की आपदा में न्यूनतम हानि और अधिकतम राहत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ नॉर्म्स में संशोधन किया हैं। सीएम के आग्रह पर केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ नॉर्म्स में संशोधन किया है। अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषि बीमा में समायोजन किए बिना सीधे ही प्रभावित किसानों को अलग से इनपुट सब्सिडी की पूरी राशि भी दी जा रही हैं। इससे किसानों को इनपुट सब्सिडी का तत्काल भुगतान होगा और फसल बीमा राशि का भी पृथक से भुगतान हो सकेगा।



### वर्षाजनित हादसों में जनहानि नगण्य

सीएम ने कहा कि सरकार व प्रशासन की सजगता से की गई तैयारियों और राहत कार्यों के कारण मानसून के महीनों में अधिक वर्षा होने पर भी बाढ़ व वर्षाजनित हादसों में जनहानि नगण्य हुई। बैठक में कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया, आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविन्द राम मेघवाल, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सलाहकार समिति सदस्य मुकेश कुमार वाल्मीकि, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा, प्रमुख शासन सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव यूडीएच टी. रविकांत, प्रमुख शासन सचिव श्रम विकास सीताराम भाले सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### शीघ्र भुगतान करने के दिए निर्देश

बैठक में सीएम गहलोत ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पुराने और नए क्लेमों का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को 2022-23 की समस्त इनपुट सब्सिडी भी 15 सितम्बर, 2023 तक वितरित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 30.15 लाख काश्तकारों को 2595.57 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी दी गई है, जिसमें वर्ष 2022-23 में 6.82 लाख कृषकों को 800 करोड़ रूपये की इनपुट सब्सिडी शामिल है। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी डॉ. पृथ्वीराज ने बताया कि फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2022-23 में लगभग 3 हजार करोड़ रूपए के बीमा क्लेम की राशि 31.54 लाख पॉलिसीधारकों को वितरित की जा चुकी है। शेष राशि लगभग 700 करोड़ रुपए का माह सितंबर के मध्य तक भुगतान कर दिया जाएगा।

---

**परिवर्तन यात्रा के रथ को** BJP अध्यक्ष ने किया रवाना

# कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार लूट व कुशासन: जेपी नड्डा

**9 हजार किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए एक करोड़ लोगों तक पहुंचेगी यात्रा**

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव को फतेह करने को लेकर भाजपा पूरी तरह से चुनावी मैदान में उतर गई है। इसी को लेकर भाजपा की पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा शनिवार को सवाई माधोपुर से शुरू हुई। रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा के रथ को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहली यात्रा है और इस तरह के चार रथ प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में राज्य सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए निकाले जाएंगे।

यात्रा के माध्यम से कुशासन से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरना शुरू कर दिया हैं। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा राजस्थान की सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और लगभग 9 हजार किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए राजस्थान के लगभग एक करोड़ लोगों तक पहुंचेगी।

भाजपा इस अभियान के माध्यम से जन-जन तक प्रदेश की कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, घोटालों, नाकामियों, बढ़ते अपराधों, महिलाओं के खिलाफ अमानवीय अत्याचार की बढ़ती घटनाओं और कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति को जनता के बीच उजागर कर अपने वोट बैंक को मजबूत करती दिखाई दे रही हैं।



### प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे भाजपा नेता

यात्रा से पहले सवाई माधोपुर के दशहरा मैदान में जनसभा हुई। इसमें सभी भाजपा नेता मंच से राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे। नड्डा ने कहा कि यह कांग्रेस की गहलोत सरकार नहीं बल्कि गृह लूट सरकार है। इसमें कांग्रेस के सभी विधायकों को लूट की खुली छूट दी गई है। गहलोत सरकार को राजस्थान के विकास से कोई मतलब नहीं है। इनका एक ही काम है भ्रष्टाचार करो, भ्रष्टाचारियों को पनाह दो, खुली लूट का प्रावधान करो और इसे दिल्ली में बैठे आकाओं तक पहुंचाओ। ऐसी सरकार को जनता के सहयोग से लोकतांत्रिक माध्यम से उखाड़ फेंकना चाहिए। नड्डा बोले कि गहलोतजी राजस्थान से आपके जाने की और भाजपा के स्थापित होने की बारी आ गई हैं।

### लाल डायरी का मामला उठा

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार का मतलब है लूट, भ्रष्टाचार, अत्याचार, कुशासन और नियमों को ताक पर रख कर शासन चलाने वालों को शाबासी। यहां भ्रष्टाचार का रूप लाल डायरी हैं। आखिर क्या है उसमें कि अशोक गहलोत ने इसका सच सामने लाने वाले अपने मंत्री को बर्खास्त कर दिया। जो लाल डायरी का बचाव कर रहा है, उसे चुनाव में हटा देना है। नड्डा ने अपने भाषण में कहा कि राजस्थान में 4.5 करोड़ लोगों को अन्न मिल रहा है। भारत की अति गरीबी एक फीसदी से कम रह गई है। गजेंद्र सिंह घर-घर नल लगाना चाहते हैं और गहलोत सरकार जल जीवन मिशन में 20 हजार करोड़ का घोटाला करना चाहती है। हम पानी पहुंचा रहे हैं और ये घोटाला कर रहे हैं।

### ERCP को लेकर कर रहे गुमराह

पूर्व सीएम वसुंधरा ने ईआरसीपी को लेकर राजे ने कहा कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह कर रही है। मेरे कार्यकाल में इन 13 जिलों की पेयजल और सिंचाई की समस्या को देखते हुए योजना बनाई थी, लेकिन सरकार प्रपोजल नहीं बना कर भेज रही है।

### मंच पर एकजुट दिखी पार्टी

परिवर्तन यात्रा में भाजपा एकजुट दिखाई दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रभारी अरुण सिंह, चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उप-नेता प्रतिपक्ष सतीश पुनियां, पार्टी के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा सहित कई सांसद, विधायक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एक मंच पर मौजूद रहे।



### परिवारवाद पर हमला

नड्डा ने कहा कि कल मुंबई में सारे इकट्ठे हुए थे और बोल रहे थे कि मोदी हटाओ, देश बचाओ जबकि जनता कहती है कि मोदी को आगे बढ़ाओ, देश को आगे ले जाओ। यह लोग मोदी को इसलिए हटाना चाहते हैं कि अगर मोदी रहेंगे तो परिवारवाद, भ्रष्टाचार नहीं रहेगा, तुष्टिकरण की राजनीति नहीं होगी।

### युवाओं का भविष्य खतरे में

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। यहां परीक्षा बाद में होती है, बैकडोर एंट्री पहले ही हो जाती है। पुलवामा के शहीद के घर जाकर गहलोत सरकार झूठे वायदे करके आती है। जब शहीद की विधवा उन वायदों को याद दिलाने सरकार से गुहार लगाती है तो उन पर अत्याचार किया जाता है।

### विपक्ष पर हमला: आधे जेल में, आधे बेल पर

नड्डा ने कहा कि टू जी, थ्री जी से कौन चेहरे सामने आते हैं, वही भ्रष्टाचार के चेहरे सामने आते हैं। कोल स्कैम हुआ, नेशनल हेराल्ड घोटाला। सोनिया गांधी, राहुल गांधी बेल पर है कि नहीं? इनमें से आधे जेल में हैं और आधे बेल पर। यूपी में अखिलेश सरकार के वक्त लैपटॉप घोटाला हुआ। लालू का चारा घोटाला हुआ। लैंड के बदले नौकरी का घोटाला हुआ।

---

**सियासत:** दिल्ली CM भी देंगे जनता को गारंटी

# केजरीवाल व पंजाब सीएम मान कल आएंगे जयपुर

■ दोनों नेता टाउन हॉल कार्यक्रम में करेंगे शिरकत, सभा को भी करेंगे संबोधित

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनाव से पहले राजनितिक पार्टियों के दिग्गजों का प्रदेशभर में आने का सिलसिला जारी है। इसी के तहत आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 4 सितंबर को जयपुर दौरे पर रहेंगे। वे यहां टाउन हॉल कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और प्रतापनगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में प्रदेश की जनता को गारंटियां देंगे।

आप के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं में केजरीवाल और भगवंत मान के कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह है। पालीवाल ने कहा कि एक बात तो तय है कि अरविंद केजरीवाल की गारंटियों के बाद प्रदेश का सियासी माहौल गरमा जाएगा।



उन्होंने कहा कि देश के साथ-साथ राजस्थान की जनता भी चाहती है कि राजस्थान में भी कोई ऐसी पार्टी सरकार बनाए जो जाति-धर्म से ऊपर उठकर शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, महिला अपराध, किसानों जैसे मुद्दों पर बात करके उनका हल निकाले, न कि इन मुद्दों को राजनीति में उलझाकर अपनी सियासी रोटियां सेंके। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की जनता ने बीजेपी और कांग्रेस जैसे सियासी दलों को मौका दिया, लेकिन उन दलों ने विकास के नाम पर सिर्फ सियासत की।

जब से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से दिल्ली की जनता अब सिर्फ 'आप' की ही सरकार बनाना चाहती है। पालीवाल ने कहा कि अगर राजस्थान की जनता ने एक बार आम आदमी पार्टी को मौका दिया तो राजस्थान में 'आप' विकास के नए आयाम गढ़ कर दिखाएगी।

### ध्यान भटकाने के लिए भाजपा का नया शिगूफा

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव का फीडबैक लेने धौलपुर पहुंचे कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। खाचरियावास ने कहा कि अपनी खिसकती सियासी जमीन को बचाने के लिए भाजपा ने वन नेशन-वन इलेक्शन के रूप में नया शिगूफा छोड़ दिया है, ताकि किसी तरह से मौजूदा समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाया जा सकें। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में विगत 9 वर्षों से भाजपा की सरकार है, लेकिन आम लोगों के लिए इस सरकार ने कोई काम नहीं किया है। गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम करने को लेकर कहा कि 200 रुपए कम करने से पहले 650 रुपए बढ़ाए गए थे। उन्होंने कहा कि जो राशि घटाई गई है, वो भी चुनाव देखकर किया है।

---

**औसत मांग** 3311 लाख यूनिट प्रतिदिन

## मानसून के सुस्त पड़ने से बिजली की मांग में बढ़ोतरी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में अगस्त के महीने में 8 अगस्त तक विद्युत आपूर्ति सामान्य रही है, लेकिन सुस्त मानसून के चलते 9 अगस्त से बिजली की मांग में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। बिजली की औसत मांग 3311 लाख यूनिट प्रतिदिन रही जो कि पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में 39 प्रतिशत अधिक है।

बिजली की अधिकतम मांग 3607 लाख यूनिट प्रति 17548 मेगावाट रही है जो कि अभी तक की सर्वाधिक है। विद्युत वितरण निगमो की ओर से किसी भी एक माह में अभी तक की अधिकतम बिजली की आपूर्ति माह अगस्त के दौरान की गई है। अधिकतम मांग की आपूर्ति के बावजूद भी माह अगस्त के दौरान मांग की पूर्ति नहीं की जा सकी है तथा कुछ दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में एक से डेढ़ घंटे की विद्युत कटौती भी करनी पड़ी है। मानसून की कमी के कारण प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी अगस्त में बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि रही है। 31 अगस्त को देश में अधिकतम मांग 239000 मेगावाट दर्ज की गई है जो की एक रिकॉर्ड है। बिजली की मांग की तुलना के सापेक्ष उपलब्धता में राष्ट्रीय स्तर पर कमी हो गई है। मानसून की बेरुखी को देखते हुए सितंबर में भी यही देखा जा रहा है तथा माह के पहले दिन ही विद्युत की मांग 3688 लाख यूनिट प्रति 17 688 मेगावाट रही है।

किसानों व घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्धता के लिए पुरजोर प्रयास किया जा रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर उद्योगों पर सप्ताह में दो दिन व शहरी क्षेत्र में सुबह 1 घंटे की घोषित विद्युत कटौती भी अमल में लाई जा रही है। बिजली की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए ऊर्जा विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

---

**महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में गरमाई सियासत**

# धरियावद की घटना से शर्मसार हुआ राजस्थान, भाजपा हुई हमलावर

■ दीया कुमारी ने धरियावद में पीड़िता से की मुलाकात

**बेधड़क | जयपुर**

धरियावद में निर्वस्त्र घुमाई गई महिला की घटना को लेकर भाजपा व अन्य दल राज्य सरकार पर हमलावर हो गए हैं। सरकार पर हमला बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि धरियावद के पहाडा गांव की घटना लोगों के जहन में है, किस कदर एक विवाहिता को निर्वस्त्र कर घुमाया जाता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, प्रदेश में कानून व्यवस्था का क्या हाल होगा।



### भाजपा का प्रदर्शन

घटना के विरोध में उदयपुर देहात में भाजपा के द्वारा कलेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन किया गया और प्रदेश के सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बीजेपी के देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा- सिर्फ धरियावद में ही नहीं पूरे राजस्थान में इस तरह की घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी गहरी नींद में सो रही है। कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

### कांग्रेस की नाकामी: सांसद दीया


सांसद दीया कुमारी ने घटना पर दुःख जताते हुए कांग्रेस के कुशासन को जिम्मेदार ठहराया है। दीया कुमारी ने धरियावद में पीड़िता से मुलाकात करने के बाद अपने बयान में कहा कि राजस्थान में जिस तरह से महिला अत्याचार बढ़े हैं, यह कांग्रेस सरकार की नाकामी हैं। यह शायद पहला मौका है जब मुख्यमंत्री स्वयं पीड़िता से मिलने पंहुचे हैं। अलवर में गैंगरेप पीड़िता से मिलने के लिए मुख्यमंत्री तभी गए थे जब राहुल गांधी आए थे। उन्होंने कहा कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाले नेता राजस्थान क्यों नही आते। ऐसी घटनाओं के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। पीड़ित महिला को न्याय मिलना चाहिए। घटना के दो दिन बाद तक स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई।

### बेनीवाल ने कांग्रेस और भाजपा को बताया जिम्मेदार

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद और सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने इस पूरे मामले के लिए राजस्थान की कांग्रेस सरकार और भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है अपराधी बेखौफ और निरंकुश हो चुके हैं। हर दिन हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं। इससे आम जनता खौफ में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे में जब तक राजस्थान की बद से बदतर हो चुकी कानून व्यवस्था आसानी से दुरुस्त नहीं होगी तब तक ये हालात भी नहीं सुधरेंगे। यह घटना पुलिस की लापरवाही और संवेदनहीनता का एक उदाहरण हैं। जो लोग प्रतापगढ़ को कंट्रोल करने का दावा करते थे वह कलेक्टर और एसपी अब कहां चले गए। राजस्थान पुलिस की कार्यप्रणाली पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। ऐसे में इस गंभीर मामले में एसपी और कलेक्टर दोनों के साथ पुलिस थाने को सस्पेंड किया जाना चाहिए। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से हाथ मिला रखा है। देश में पहलवानों के साथ हुई घटना से लेकर मणिपुर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के लिए भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है। इसीलिए उन्हें राजस्थान में हो रही महिला हिंसा की घटनाएं नहीं दिखती। बीजेपी के नेता सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने के लिए बयान बाजी करते हैं, लेकिन हकीकत में उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन है। आरएलपी सुप्रीमों के अलावा आप पार्टी बसपा सहित अन्य दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा।

## जरूरी खबर

### पेट्रोलियम डीलर्स ने दी हड़ताल की चेतावनी



**जयपुर।** राजधानी समेत प्रदेशभर के पेट्रोलियम डीलर्स ने दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की चेतावनी दी है। डीलर्स का कहना है कि 13 और 14 सितम्बर को आंशिक हड़ताल राजखी जाएगी। इस दौरान सुबह 10 से 6 बजे तक रिटेल आउटलेट बंद रखे जाएंगे। उनका कहना है कि अगर सरकार की ओर से वैट कम नहीं किया गया तो 15 सितंबर को पेट्रोल पम्प बंद रखे जाएंगे। इधर, राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र भाटी का कहना है कि डीलर्स 13 और 14 सितंबर को तेल कंपनियों के डिपो के सामने जाकर बैठेंगे। हम लगातार हमारी मांगों से कंपनियों को अवगत करवाते आए हैं, मगर हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस कारण हमें यह कदम उठाना पड़ा है।

### प्रशिक्षण पद्धतियों पर चिंतन के लिए गोष्ठी कल से

**जयपुर।** पुलिस प्रशिक्षण पद्धतियों और प्रशिक्षण की श्रेष्ठ परंपराओं को परस्पर साझा करने के उद्देश्य से सोमवार से बुधवार तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की विचार विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। निदेशक आरपीए की पहल और प्रशिक्षण निदेशालय पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में इस आयोजन की रूपरेखा को अंजाम दिया गया है। एडीजी एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी पी रामजी ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण में नवाचारों के उन्नयन और पुलिस प्रशिक्षण अकादमियों में श्रेष्ठ परंपराओं और प्रशिक्षण पद्धतियों पर चिंतन मनन करने और ऐसी प्रशिक्षण पद्धतियों को परस्पर साझा कर राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस प्रशिक्षण को श्रेष्ठतर बनाने के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी में राष्ट्रीय स्तर के कंसल्टेशन का आयोजन किया गया है।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें ।


**ED ने जलजीवन मिशन योजना से जुड़े ठेकेदारों और अधिकारियों के 17 ठिकानों पर की कार्रवाई**

# छापे पूरे, अब जब्त दस्तावेजों में होगी घोटालों की 'खोज'

बेधड़क | जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय की राजस्थान में जलजीवन मिशन योजना से जुड़े ठेकेदारों और अधिकारियों के 17 ठिकानों पर शुरू की गई छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को पूरी हो गई। दस्तावेज जब्त करने के बाद प्रवर्तन निदेशालय की टीमें शनिवार शाम वापस लौट गईं। अब ईडी के अधिकारी दस्तावेज की विस्तृत पड़ताल करेंगे और जलजीवन मिशन योजना से जुड़े ठेकेदारों और अधिकारियों के घोटाले उजगार करेंगे।

प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने छापेमारी समाप्त होने की पुष्टि की है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने केन्द्र सरकार की जलजीवन मिशन योजना-जेजेएम में राज्य में पानी की पाइप लाइन खरीद से लेकर इस योजना के क्रियान्वयन में व्यापक घोटाले के आरोपों और इस मामले में एक ठेकेदार व कुछ अधिकारियों के रिश्वत मामले में हुई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो - एसीबी की ओर से दर्ज प्राथमिकी के बाद शुक्रवार को छापेमारी की शुरुआत की थी।

ईडी की दिल्ली, गुजरात और राजस्थान की टीमों ने जयपुर, अलवर और झुंझुनूं जिलों में 17 ठिकानों पर छापेमारी की यह कार्रवाई की। शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान ईडी अधिकारियों ने करीब 2.5 करोड़ की नकदी, एक किलो विदेशी मार्का का सोना और प्रॉपर्टी में करोड़ों रुपए निवेश के दस्तावेज जब्त किए। कार्रवाई के दूसरे दिन शनिवार को भी ईडी अधिकारियों ने इस मामले से जुड़े ठेकेदार व कुछ अधिकारियों और उनके परिचितों के बयान लिए और कुछ दस्तावेज़ और जब्त किए।




### किरोड़ी लाल मीणा ने भी दर्ज करवाई थी शिकायत

सुत्र बताते हैं कि इस मामले में ईडी ने श्री श्याम ट्यूबवैल कम्पनी के संचालक ठेकेदार पदम चंद जैन, संजय बड़ाया, बड़ाया के रिश्तेदारों, सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी अमिताभ कौशिक और महेश मित्तल, जेडीए के तहसीलदार सुरेश शर्मा, बहरोड़ के पीएचईडी एक्सईएन मायालाल सैनी, एक्सईएन विशाल सक्सेना, प्रॉपर्टी कारोबारी कल्याण सिंह कविया व इनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापे की कार्यवाही की है। उल्लेखनीय है कि जलजीवन मिशन योजना- जेजेएम में राज्य में पानी की पाइप लाइन ख़रीद से लेकर इस योजना के क्रियान्वयन में व्यापक घोटाले को लेकर राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने भी ईडी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पाइप लाइन आपूर्ति के टेंडर्स आवंटन में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। उनके अनुसार राज्य में जेजेएम योजना में 20,000 करोड़ का घोटाला हुआ। मीणा ने इस मामले में श्री श्याम ट्यूबवैल कम्पनी, श्री गणपति ट्यूबवैल कम्पनी, ठेकेदार पदम चन्द जैन आदि पर नियम विरुद्ध 900 करोड़ के टेंडर लेने के आरोप भी लगाए।

### अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ा था एसीबी ने

गौरतलब है कि जेजेएम योजना में घोटाले को लेकर एसीबी ने भी कार्यवाही की थी। गत 6 अगस्त को एसीबी ने जलजीवन मिशन से जुड़े दो अधिकारियों, बहरोड़ के एक्सईएन मायालाल सैनी, नीमराना के जेईएन प्रदीप, ठेकेदार पदम चन्द जैन, उसकी कम्पनी के सुपरवाइजर मलकेत सिंह और एक अन्य को जयपुर के होटल पोलोविक्ट्री में रिश्वत राशि रंगे हाथ लेते हुए गिरफ्तार किया था।

**मेडिकल और आपातकालीन सुविधाओं के लिए भटकते रहे मरीज**

# एंबुलेंस के दिनभर थमे रहे पहिए फैकल्टी मेंबर्स भी हड़ताल पर

बेधड़क | जयपुर

राजधानी समेत प्रदेशभर में शुक्रवार रात 12 बजे से 108 और जननी एक्सप्रेस 104 की सेवाओं को एंबुलेंस कर्मियों ने बंद कर दिया। इसके चलते दिनभर मरीज मेडिकल सुविधाओं और आपातकालीन सुविधाओं के लिए परेशान होते नजर आए।

एम्बुलेंस कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें ठेका प्रणाली से मुक्त कर संविदा पर लगाया जाए। इसके साथ ही उनके वेतन को भी बढ़ाया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांग नहीं मानी गई तो ये चक्का जाम लगातार जारी रहेगा। इधर, राजधानी में एसएमएस के पास जुटे एंबुलेंस कर्मियों ने दिनभर नारेबाजी की और कार्य बहिष्कार किया। दूसरी तरफ प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के फैकल्टी मेंबर्स ने भी शनिवार को सामूहिक अवकाश लेकर अपना विरोध जताया। इससे आरयूएचएस समेत उससे अटैच दूसरे हॉस्पिटलों में मेडिकल सर्विस प्रभावित रही। सामूहिक अवकाश को देखते हुए सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में ओपीडी में वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी।

## इमरजेंसी सर्विस रखीं जारी, रुटीन के बड़े ऑपरेशन टाले



फोटो: राजेश कुमावत



### रात से ही शुरू हो गया चक्का जाम

राजधानी में शुक्रवार रात 12 बजे सभी एंबुलेंस कर्मियों ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद रात से ही उन्होंने केस लेने बंद कर दिए, जिसकी वजह से दिनभर मरीज परेशान होते रहे। इधर, अधिकतर एंबुलेंस कर्मी एसएमएस अस्पताल पर जुटे। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री के नाम लिखित में ज्ञापन भी दिया।

### सीनियर रेजीडेंट्स और मेडिकल ऑफिसर नियुक्त

एसएमएस हॉस्पिटल की सुपरिटेंडेंट डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि ओपीडी में सीनियर रेजीडेंट्स और मेडिकल ऑफिसरों को नियुक्त किया गया, ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो। डॉक्टर्स ने इमरजेंसी सर्विस को आंदोलन से बाहर रखा। हालांकि, रुटीन के बड़े ऑपरेशन जो होने थे, उनको सीनियर डॉक्टर्स के नहीं होने के कारण टाल दिया।

### घर खर्च ही नहीं चलता

"मैंने एम्बुलेंस सेवा 2017 में शुरू की थी तब मेरी सैलरी 7900 थी। आज 6 वर्ष काम करने के बाद भी मेरी सैलरी मात्र 12 हजार ही पहुंची है। इतने कम में घर खर्च ही नहीं चलता। घर से बाहर रहकर काम करना और फिर घरवालों के लिए भी पैसे पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। सरकार की ओर से हमें संविदा कर्मियों में शामिल करने के अलावा वेतन को बढ़ाना चाहिए।

**भूगोल सिंह,** एम्बुलेंस कर्मचारी

### हड़ताल हमारी मजबूरी

"सरकार को कई बार ठेकाप्रथा खत्म करके संविदा कमेटी में शामिल करने के लिए लिख चुके हैं। मजबूरन एंबुलेंसकर्मियों को हड़ताल का रास्ता चुनना पड़ा है। सरकार को एंबुलेंसकर्मियों की मांग को सुनना चाहिए।

**वीरेंद्र शेखावत,** अध्यक्ष, राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन

**आज से सामान्य रहेगा मौसम**

# तापमान का बढ़ना जारी, फसलों को हो रहा है नुकसान




बेधड़क | जयपुर

राजधानी समेत प्रदेशभर के मौसम में तापमान में बढ़त जारी है। राजधानी में तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को राजधानी का तापमान शुक्रवार के मुकाबले 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इधर, शनिवार को सर्वाधिक तापमान चूरू में 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सभी जिलों का तापमान 35 से 40 डिग्री के नजदीक दर्ज किया गया।

कोटा के अलावा कई जिलों में बारिश नहीं होने की वजह से खरीफ की फसलों में 50 प्रतिशत से अधिक की खराबी का अनुमान है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार रविवार से 5 सितंबर तक मौसम सामान्य रहेगा। वहीं, आंशिक रूप से बादल छाने और मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके अलावा 6 और 7 सितंबर को भरतपुर, कोटा और उदयपुर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

हालांकि, विभाग के अनुसार तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन सितंबर के दूसरे सप्ताह तक बारिश की संभावना बन सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 123 साल में अगस्त का पिछला महीना सबसे सूखा रहा। अगस्त महीने में 30.9 मिमी ही बरसात हुई। इससे कम वर्ष 1905 में 15.2 मिमी व 1937 में 27.4 मिमी बारिश हुई थी। वर्ष 1937 के बाद साल 2023 से इतनी कम बारिश कभी अगस्त महीने में नहीं हुई।

**SMS मेडिकल कॉलेज में राजस्थान सम्मेलन आज**

# योजनाओं पर चिंतन करेंगे डॉक्टर

बेधड़क | जयपुर

जयपुर मेडिकल एसोसिएशन की ओर से रविवार को राजस्थान सम्मेलन-2023 का आयोजन एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक के सभागार में होगा। कार्यक्रम में राजस्थान से आईएमए के चिकित्सक भाग लेंगे। साथ ही राज्य आईएमए की एग्जीक्यूटिव कमेटी, स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक होगी। अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण पर एक सेमिनार होगी। यह जानकारी शनिवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज के जेएमए हॉल में प्रेस




वार्ता में चिकित्सकों ने दी। राज्य आईएमए अध्यक्ष डॉ. सुनील चुघ और सचिव डॉ. पीसी गर्ग ने बताया कि अधिवेशन में सदस्यों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया जाएगा।

चुघ ने बताया कि अधिवेशन में सरकारी और निजी समस्त चिकित्सक भविष्य में चिकित्सकों और समाज की भलाई की रूपरेखा पर चिंतन करेंगे। सरकार द्वारा घोषित चिकित्सा संबंधित योजनाओं पर भी विचार विमर्श होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ.करण सिंह यादव सहित अन्य शिरकत करेंगे।

**महासंगम आज: रखेंगे आरक्षण बढ़ाने सहित कई प्रमुख मांगें**

# ब्राह्मण कलश यात्रा से करेंगे शंखनाद

बेधड़क | जयपुर

ब्राह्मण महासंगम का आयोजन रविवार को रामनिवास बाग में होगा। इसकी शुरुआत सुबह 8 बजे सिटी पैलेस के पास चांदनी चौक में मंगल कलश यात्रा से होगी, जिसमें 11000 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी।

यह यात्रा सुबह 10 बजे सभा स्थल पहुंचेगी। समारोह का प्रारंभ भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्जवलन और शंखनाद से होगा। इसके बाद समाज के विभिन्न राजनेता और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी समारोह



को संबोधित करेंगे। इधर, शनिवार को महासंगम की तैयारियां पूरी की गईं और आयोजन समिति ने पूरी तैयारियों का मुआयना किया। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि सामाजिक संचेतना पैदा करने और अपने हकों के लिए संगठन शक्ति दिखाना, इस महासंगम का मुख्य उद्देश्य है। ब्राह्मण सभी जाति समाज को साथ लेकर चलता है, लेकिन अब उसे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी पड रही है। महासंगम का मुख्य उद्देश्य ईडब्ल्यूएस आरक्षण को बढ़ाकर14 प्रतिशत करने के अलावा भगवान परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना, भगवान परशुराम की 111 फीट प्रतिमा की स्थापना की जाए, प्रत्येक जिले में गुरुकुल की स्थापना कर वैदिक संस्कृति को बढ़ाया जाए, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में आय सीमा 8 लाख की जगह 12 लाख की जाए, साथ ही केंद्र में भी आय को पैमाना माना जाए जैसी अनेक मांगों को लेकर महासंगम में प्रस्ताव पास किए जाएंगे।

**प्रस्ताव अधरझूल में, 7 माह बाद भी अस्तित्व में नहीं आया बिल**

# बिल आए तो कसे कोचिंग्स की कमरतोड़ फीस और मनमानी पर नकेल

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर अंकुश व विद्यार्थियों के हितों की रक्षा को लेकर लाया जा रहा कोचिंग इंस्टीट्यूट (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) बिल सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। करीब 7 माह पहले प्रदेश सरकार ने यह बिल लाने की बात कही थी, लेकिन अभी तक यह बिल अस्तित्व में नहीं आया है। दरअसल सरकार ने कोचिंग संस्थाओं में पढ़ रहे बच्चों के बढ़ते सुसाइड के मामलों के कारण यह बिल लाने का प्रस्ताव रखा था।

बिल के प्रारूप के अनुसार कोचिंग संस्थानों के रजिस्ट्रेशन, इन पर निगरानी, अध्ययनरत विद्यार्थियों और अभिभावकों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) बिल 2023 का लाने की तैयारी की गई थी। सरकार को हाल ही समाप्त हुए सत्र में कोचिंग इंस्टीट्यूट कंट्रोल एंड रेगुलेशन बिल लाना था, जिससे कोचिंग संचालकों की फीस में मनमानी पर शिकंजा कसने को लेकर अभिभवकों और स्टूडेंट्स को राहत प्रदान करने और सुसाइड रोकने के लिए किए जाने वाले प्रयासों को शामिल करना था।

### विद्यार्थियों को देनी होंगी ये सुविधाएं

बिल के अनुसार छात्रों और अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों के निवारण की व्यवस्था, मार्गदर्शन के लिए साइकोलॉजिकल काउंसलर की नियुक्ति, अध्ययन के तनाव को कम करने के लिए उनके कोचिंग पर मनोरंजन, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों की सुविधा देने, साफ सफाई की उचित व्यवस्था करने, इजी एग्जिट पॉलिसी और फीस रिफंड की स्पष्ट नीति बनाना, वाईफाई की व्यवस्था करना, छात्रों को ई लेक्चर देने, छात्र के 2 दिन से ज्यादा अनुपस्थित होने पर अभिभावकों को सूचित करना, पौष्टिक भोजन, अल्पाहार की सुविधा देने, प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने, सुरक्षा और रोशनी की व्यवस्था सहित कई विद्यार्थी हितों का ध्यान रखना होगा।

### बिल में इन नियमों को लेकर बनाना था प्रारूप

- बिल में किसी नई कोचिंग शुरू करने से पहले रजिस्ट्रेशन करने और सरकार से अनुमति जरूरी होगी।
- 50 से अधिक स्टूडेंट्स होने पर ट्यूशन सेंटर का रजिस्ट्रेशन कराकर अनुमति लेनी होगी।
- कोचिंग का सिलेबस और एक कोर्स की समय सीमा के साथ बैच के स्टूडेंट्स की संख्या भी बतानी होगी।
- किसी भी कोचिंग में सरकारी टीचर नहीं पढ़ा सकेंगे।
- प्रोस्पेक्टस में कोचिंग को हर कोर्स की फीस बतानी होगी।




### नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

कोचिंग बिल में बने नियमों को तोड़ने पर कार्रवाई करने का भी प्रावधान किया गया हैं। कोचिंग संस्थान द्वारा नियम तोड़ने पर पहली बार 25 हजार रुपए जुर्माना, दूसरी गलती पर 1 लाख का जुर्माना और तीसरी गलती पर कोचिंग का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। कोचिंग संस्थान के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि तीन वर्ष की रहेगी। कोचिंग संस्थाओं का निरिक्षण और निगरानी सम्बंधित डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटी की होगी।

### असल मुद्दा स्टूडेंट्स के सुसाइड के बढ़ते मामले

प्रदेश में कोचिंग स्टूडेंट के बढ़ते सुसाइड मामलों ने न सिर्फ अभिभावकों बल्कि सरकार की भी चिंता बढ़ा रखी है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार हर 15 आत्महत्याओं में 87% छात्र और 13% छात्राएं हैं। इसकी वजह अलग-अलग हो सकती है, लेकिन शिक्षाविदों के अनुसार कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की आर्थिक स्थिति का भार भी होता है। इस भार की वजह है कोचिंग सेंटर की कमर तोड़ देने वाली फीस, जिस पर नकेल कसने की तैयारी की जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार हर 15 आत्महत्याओं में 87 प्रतिशत लड़के और 13 प्रतिशत लड़कियां होती है। वहीं जनवरी के बाद कोटा में 24 आत्महत्याएं जिसमे सबसे अधिक 18 से ज्यादा एलेन कोचिंग संस्थान के हैं। आत्महत्या में बड़ा तथ्य यह भी है कि इनकी उम्र 16 से 19 तक ही है।

## जरूरी खबर

### महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की चयन प्रक्रिया शुरू



**झालावाड़।** जिले की पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल में उपखंड अधिकारी अभिषेक चारण की अध्यक्षता में चयन समिति द्वारा महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा समकक्ष है। इसमें महात्मा गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर के प्रमाणपत्र धारक, स्काउट गाइड, एनसीसी प्रमाण पत्र धारक, सुरक्षा सखी मित्र, पूर्व बजट घोषणा के तहत चयनित महात्मा गांधी सेवा प्रेरक व महिला एसएचजी को प्राथमिकता दी जाएगी। न्यूनतम आयु 21 व अधिकतम 50 वर्ष होनी चाहिए।

### कीटनाशक दवा छिड़कते समय किसान की मौत

**झालावाड़।** जिले के सुनेल गांव में एक किसान की सोयाबीन की फसल में कीटनाशक का छिड़काव करते समय मौत हो गई। सुनेल थाने के एएसआई शंभूलाल ने बताया कि सुनेल निवासी राकेश नागर पुत्र राजाराम नागर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके ताऊ का लड़का प्रदीप (32) पुत्र बालाराम खेत पर कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। इसी बीच कीटनाशक के असर से वह अचेत हो गया। परिजन उसको सुनेल अस्पताल लेकर आए। गंभीर होने पर यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां शनिवार को उसने दम तौड़ दिया।

### चिकित्सा शिविर में होनहार विद्यार्थियों का किया सम्मान



**भानपुर कलां।** डॉ. विकास जैफ फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को स्वास्थ्य जन जाग्रति अभियान आयोजित के तहत एक निजी स्कूल में निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। वहीं दंत चिकित्सा शिविर में खरखड़ा, खवारानी, गांवली, बिरासना, लालवास तथा साउसीरा गांवों के करीब 458 मरीजों का इलाज किया गया। दन्त रोग विशेषज्ञो ने अत्याधुनिक मशीनों से चिकित्सा की। इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### पं. धीरेन्द्र शास्त्री महाराज के दिव्य दरबार से पहले डाक बंगले से निकाले गए रोड शो में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पहुंचे सीकर, दर्शन को बेताब भक्त

**बेधड़क** | सीकर

मध्यप्रदेश के छतरपुर गड़ा गांव स्थित बागेश्वर बालाजी धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री महाराज शनिवार को सीकर पहुंचे। वे अपने निजी विमान से तारपुरा की पट्टी पर उतरे तो यहां मौजूद लोगों ने जयकारों से उनका स्वागत किया।

हवाई पट्टी से पं. शास्त्री को नवलगढ़ रोड होते हुए डाक बंगला लाया गया। इस पूरे रास्ते में उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु टकटकी लगाए खड़े रहे। डाक बंगला पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके बाद डाक बंगले से पं. धीरेन्द्र शास्त्री रोड शो रवाना हुआ। दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ पं. धीरेन्द्र शास्त्री भक्तों को आशीर्वाद देते हुए दिव्य दरबार आयोजन स्थल की ओर रवाना हुए। उनका काफिला शहर के कल्याण सर्किल, बजाज सर्किल रोड होते हुए रीको एरिया तक पहुंचा।

यहां कहारों की ढाणी में उनका दिव्य दरबार लगाया गया। इसमें लाखों लोग उनके दर्शन के लिए पहुंचे। रोड शो के दौरान यातायात को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट किया गया। दिव्य दरबार के लिए दो लाख स्क्वायर फीट का भव्य पांडाल बनाया गया है। वहीं पांडाल में कुलर, पंखों सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था भी पांडाल के पास ही की गई है।



### व्यवस्था में 350 पुलिसकर्मी

पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर से लेकर कहारों की ढाणी तक पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा। सीओ सिटी सुरेश शर्मा ने बताया कि समूची सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 350 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, ताकि कार्यक्रम के दौरान कोई भी दिक्कत न हो और आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से हो सके।

### 1 दिन पहले मिली रोड शो की अनुमति

पं. धीरेन्द्र शास्त्री के आयोजन को लेकर प्रशासन ने गुरुवार को ही प्राइवेट जेट को तारपुरा हवाई पट्टी पर उतरने और कहारों की ढाणी में दिव्य दरबार लगाने की अनुमति दी थी। रोड शो के लिए पहले प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं दी गई थी और कहा गया कि इससे सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ही कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था बिगड़ने की संभावना है। ऐसे में कार्यक्रम के आयोजक डाक बंगला से जयपुर रोड तक उनका रोड शो करवाने को लेकर अड़ गए थे। इसके बाद अधिकारियों व आयोजकों की बैठक हुई और इस बैठक में रोड शो को हरी झंडी दे दी गई।

### दो घंटे तक चला दिव्य दरबार

पंडित धीरेंद्र शास्त्री तारपुरा हवाई पट्टी से रोड शो के लिए सीधे डाक बंगला आए। यहां से उनका रोड शो कल्याण सर्किल, पुलिस लाइन और बजरंग कांटा होते हुए उद्योग नगर तिराहे पहुंचा। इसके बाद महाराज लोहिया रिसोर्ट में रुके और फिर कहारों की ढाणी स्थित दरबार स्थल पहुंचे। दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने भक्तों को आशीर्वचन दिए और भक्ति-साधना करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी।

### पूठपुरा गांव की घटना, ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

# रोड पर पड़ा मिला पुजारी का शव परिजन बोले- बेरहमी से की हत्या

■ परिजनों ने कराया हत्या का मामला दर्ज मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशान

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के कौलारी थाना क्षेत्र के पूठपुरा गांव में शनिवार को एक पुजारी का शव सड़क किनारे पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सड़क पर लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को बसई नवाब राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उन्हें सौंप दिया गया।

वहीं, परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूठपुरा ग्राम निवासी 70 वर्षीय पुजारी टीकाराम पुत्र भगवत सिंह कुशवाह पिछले कई सालों से माता मंदिर में बतौर पुजारी पूजा-सेवा कर रहे थे। शनिवार सुबह पुजारी टीकाराम की लाश सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिली। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद कोलारी थाना प्रभारी मानसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।



### शरीर पर मिले चोट के निशान

पुलिस की ओर से बताया गया है कि मृतक पुजारी के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। ऐसे में परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में मामला दर्ज कराया गया है। घटना को लेकर थाना प्रभारी मानसिंह ने बताया कि मामला प्रारंभिक अनुसंधान में संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुजारी के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। वहीं, मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस जांच में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अनुसंधान कर मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

## नहर में गिरी दो सगी बहनों की डूबने से मौत

**बेधड़क** | बीकानेर



जिले के गजनेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम को दो सगी बहनों की नहर में डूबने से मौत हो गई। दोनों मासूम अपने पिता के साथ खेत पर गईं थीं। हादसा गजनेर थाना क्षेत्र के कोडमदेसर गांव में हुआ। यहां इंदिरा गांधी नहर की कानासर वितरिका में दो सगी मासूम बहनें डूब गईं।

गजनेर थाने के एएसआई रूपाराम ने बताया कि खाजूवाला निवासी सुभाष चौधरी की दोनों मासूम बच्चियां अपने पिता के साथ खेत पर गईं थीं। इसी दौरान दोनों बहने प्यास लगने पर नहर में उतरीं और पैर फिसलने से पानी में जा गिरी। इसमें करीब पांच साल की बेटी आरती और तीन साल की दीक्षा की डूबने से मौत हो गई। उधर पिता खेत में कम कर रहे थे और काफी देर बाद जब उन्होंने बच्चियों की तलाश की तो वे नहीं मिलीं। नहर किनारे उनकी चप्पल देखकर कुछ अनहोनी की आशंका से नहर में तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। इसके बाद नहर में तलाश करने पर पहले छोटी बेटी दीक्षा का शव मिला। तीन घंटे की तलाशी के बाद बड़ी बेटी आरती का शव नहर में मिला। बच्चियों के शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## 108 एम्बुलेंस बनी आग का गोला, स्टाफ ने कूदकर बचाई जान



**बेधड़क** | रोहट (पाली)

मरीज को जोधपुर छोड़कर पाली लौट रही एक एम्बुलेंस शनिवार सुबह मुकनपुरा के पास अचानक आग का गोला बन गई। ड्राइवर और स्टॉफ ने कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 7 बजे एक मरीज को जोधपुर छोड़कर वापस पाली लौट रही सदर थाने की 108 एम्बुलेंस में मुकनपुरा के पास आग लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल पहुंची, लेकिन तब तक एम्बुलेंस की आग ने विकराल रूप ले लिया था। रोहट पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सदर थाने में लगी यह 108 एम्बुलेंस शनिवार सुबह करीब 7 बजे के आसपास मरीज को जोधपुर छोड़कर पाली लौट रही थी। इस दौरान रोहट थाना क्षेत्र में मुकनपुरा के निकट अरटिया मोड़ पर चलती इस एम्बुलेंस ने अचानक आग पकड़ ली और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और एम्बुलेंस 108 आग का गोला बन गई। आग लगने पर घबराए एम्बुलेंस चालक प्रवीण भटनागर और ईएमटी जुनैद खान ने एम्बुलेंस से कूदकर अपनी जान बचाई और घटना की सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग का गोला बन चुकी एम्बुलेंस में लगी आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना के वक्त इस एम्बुलेंस में मरीज नहीं था और इसका चालक और सहायक एम्बुलेंस को रोककर समय रहते इससे नीचे कूद गए।

### दो पारी में 3-3 घंटे बिजली देने का मिला आश्वासन

# बिजली कटौती से खफा किसानों ने जीएसएस पर किया प्रदर्शन

**बेधड़क** | रेवदर (सिरोही)

पर्याप्त बिजली पर्याप्त आपूर्ति की मांग को लेकर किसानों ने समीपवर्ती दांतराई कस्बे के बिजली निगम के जीएसएस पर शनिवार सुबह प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में दांतराई, धाण, भामरा, हमीरपुरा, हरणी अमरापुरा व ईदरला के सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

किसानों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा 4 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही है, लेकिन उसमें भी करीब 20 बार ट्रिप होने से 6 घंटे पूरी बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है। ऐसे में फसलों को भी नुकसान हो रहा है। प्रदर्शन की सूचना के बाद विद्युत विभाग के एईएन राजेश कुमार व जेईएन पुनीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर और किसानों से वार्ता कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया। किसानों द्वारा करीब 2 घंटे प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने दिन में दो पारी में तीन-तीन घंटे बिजली देने की बात कही। इसके बाद किसान सहमत हुए और विरोध को प्रदर्शन समाप्त किया।



## सिर और हाथ कटी लाश मिलने से फैली सनसनी

**अजमेर।** जिले के क्रिश्चियन गंज थाना अंतर्गत पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में शनिवार को सिर और हाथ कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही एसपी चुनाराम जाट, सीओ भोपाल सिंह भाटी सहित क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार शव 8 से 10 पुराना है। शव को जानवरों ने नोच लिया है। थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे के करीब थाने पर शव मिलने की सूचना दी गई थी। आस-पास लोगों के अनुसार उसे भीख मांगते हुए पहले यहां देखा गया है।

### तेज रफ्तार कार ने पीछे से मारी टक्कर

# कार की टक्कर से ऑटोचालक की मौत, चार सवारी घायल

■ असावा मोड़ के पास तेज गति में आ रही थी कार

**बेधड़क** | रेवदर

उपखंड के समीपवर्ती असावा मोड़ के पहले राज चिल्ड्रन स्कूल के पास शनिवार शाम को एक कार ने सवारियों से भरे ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी।

इसमें ऑटो रिक्शा चालक की मौत हो गई। वहीं चार सवारियां घायल हो गईं। हादसे के बाद प्रतापराम कोली ने रेवदर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि दौलपुरा से रेवदर की तरफ ऑटो रिक्शा में बैठकर आ रहा था। ऑटो रिक्शा वास, रेवदर निवासी पनाराम कोली चला रहा था। असावा मोड़ के पास करोटी की तरफ से तेज गति से आ रही कार ने ऑटो रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो रिक्शा में बैठे प्रताप राम, कालूराम जोगी निवासी बीजापुर, मांगीलाल जोगी निवासी मण्डार, संतोष देवी कोली निवासी रेवदर व ऑटो चालक पनाराम गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायलों को सरकारी अस्पताल रेवदर में भर्ती कराया गया, जहां ऑटो चालक पनाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई तथा अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

### ... और धरी रह गईं तैयारियां

# प्रतापगढ़ जाने के चलते नहीं आए CM, लोग हुए मायूस

**बेधड़क** | नीमकाथाना

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शनिवार को नीमकाथाना में प्रस्तावित दौरा ऐन मौके पर रद्द हो गया। ऐसे में उनके आगमन को लेकर की गई सारी तैयारियां धरी रह गईं। जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर दो दिन से तैयारियों में जुटा हुआ था।

इस बीच शनिवार को आयोजन स्थल नेहरू पार्क में सैकड़ों लोग पहुंचे, निराश होर लौट गए। नीमकाथाना जिला बनने के बाद मुख्यमंत्री पहली बार यहां पहुचने वाले थे। उनका यहां नेहरू पार्क में राजीव गांधी शहरी-ग्रामीण ओलंपिक खेलों का अवलोकन कर विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास और उसके बाद आमसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम था।

शुक्रवार को गहलोत का हाई स्कूल खेल स्टेडियम में हेलीपैड से उतरने का कार्यक्रम था, लेकिन प्रतापगढ़ के धरियावद में पीड़िता से मिलने के लिए अचानक रवाना हो गए थे। इसके बाद सीएम अशोक गहलोत का कार्यक्रम दोपहर 3:30 प्रस्तावित रखा गया। उसके बाद विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास का वर्चुअली कार्यक्रम रखा गया, लेकिन इसमें भी मुख्यमंत्री नहीं जुड़ पाए।



### सुबह से ही जुटना शुरू हो गए थे लोग

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आगमन को लेकर आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया था। लोग बड़ी संख्या में गाजे-बाजे के साथ मुख्यमंत्री के नारे लगाते हुए सभा स्थल पर पहुंचे, लेकिन सीएम के नहीं आने की सूचना पर लोग निराश होकर सभा स्थल से चले गए।

### दो दिन में तैयार किया हैलीपैड

मुख्यमंत्री की यात्रा के लिए बड़ी संख्या में मजदूर व कर्मचारी हेलीपैड तैयार करने में लगे हुए थे। दो दिन से हेलीपैड व सभा स्थल पर तैयारियां की जा रही थी। सभी तैयारियां पूरी होने के बाद सीएम का प्रस्तावित दौरा रद्द हो गया। इससे तैयारियां धरी की धरी रह गई।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव, मंत्री सकुंतला रावत, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, खेतड़ी विधायक डॉ जितेंद्र सिंह, उदयपुरवाटी विधायक राजेन्द्र गुढ़ा, जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला पूर्व आईएएस केएल मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## MSP पर कानून लाने वाले दल को ही समर्थन: जाट

**बेधड़क** | टोंक

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा है कि राजस्थान एवं देश के किसानों ने उसी दल को मत एवं समर्थन देने का निश्चय किया है, जो 31 अगस्त तक एमएसपी पर कानून लाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों ने जाति ,धर्म, दल, संप्रदाय के आधार पर मतदान नहीं कर किसानों को उनका हक दिलाने वाले दल के समर्थन में मतदान का संकल्प लिया है।

शनिवार को एमएसपी अधिकार यात्रा के टोंक पहुंचने पर रामलाल जाट किसानों को संबोधित कर रहे थे। यात्रा 24 अगस्त को जयपुर से रवाना होकर चितौड़गढ़ होते हुए नीमच जिले से मध्यप्रदेश में प्रवेश करते हुए मुम्बई पहुंची। जहां पर 'इंडिया' गठबंधन को पत्र प्रेषित किया। इसके बाद अब यह यात्रा मुम्बई से वापस झालावाड़, बारां, बूंदी, होते हुए शनिवार को टोंक मुख्यालय पर पहुंची।

यहां किसान महापंचायत के राष्ट्रीय महासचिव अकबर खान ने सैकड़ों महिला-पुरुषों के साथ यात्रा का स्वागत किया उन्होंने यात्रा के साथ मुख्य बाजार होते हुए घंटाघर तक पैदल मार्च किया। इस दौरान अकबर खान ने कहा कि किसानों की मांगे 'खेत को पानी और फसल को दाम पूरा मोल' सरकारों को माननी पड़ेंगी। महापंचायत में युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जगदीश नारायण, बत्ती लाल बैरवा, खुर्शीद खान, सलीम खान, मिश्रीलाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ESIC मेडिकल कॉलेज में 25-26 नवंबर को आयोजित होगा NBRCOM-2023

# देश-दुनिया के बायोमेडिकल साइंटिस्ट्स प्रस्तुत करेंगे रिसर्च पेपर्स

बेधड़क | जयपुर

अलवर स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में 25 व 26 नवंबर को देशभर के बायोमेडिकल साइंटिस्ट्स जुटेंगे। सोसायटी ऑफ यंग बायोमेडिकल साइंटिस्ट्स, इंडिया की ओर से नेशनल साइंस कॉन्क्लेव व बायोमेडिकल रिसर्च कॉम्पिटिशन 'NBRCOM' का आयोजन ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंसेज (RUHS) के सहयोग से आयोजित होगा। आरयूएचएस के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी व अलवर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. लोकेन्द्र शर्मा ने शनिवार को कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया।

डॉ. सुधीर भंडारी ने बताया कि ये बहुत बड़ी बात है कि चतुर्थ राष्ट्रीय विज्ञान सम्मलेन ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अलवर में होने जा रहा है जिसमें देश दुनिया के शोधार्थी



अपने शोध कार्यों को प्रस्तुत करेंगे। इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलनों से ही दुनिया में होने वाले शोध का पता चलता है एवं मेडिकल के क्षेत्र में होने वाले अनुसंधान और नवाचारों का आदान प्रदान होता है। नेशनल साइंस कॉन्क्लेव में स्वास्थ्य विज्ञान, जीवन विज्ञान और फार्मास्युटिकल विज्ञान श्रेणियों में शोध प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही जैव चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित वक्ताओं के अतिथि व्याख्यान होंगे। वैज्ञानिक गतिविधियों का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देना, उनके ज्ञान क्षितिज को व्यापक बनाना और राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आदर्श बदलाव लाने के लिए उन्हें अग्रणी और नवीन अनुसंधान कौशल से लैस करना है।

इस नेशनल साइंस कॉन्क्लेव व कॉम्पिटिशन में शामिल होने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट www.sybsindia.org पर पंजीकरण किया जा सकता है।

### कॉम्पिटिशन के विजेताओं को मिलेंगे 6 लाख के पुरस्कार

डॉ. लोकेन्द्र शर्मा ने बताया कि रिसर्च कॉम्पिटिशन में प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को कुल 6 लाख रुपये नकद पुरस्कार (प्रत्येक श्रेणी में 2 लाख रुपये) के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को युवा शोधकर्ता पुरस्कार तथा चौथे एवं पांचवें विजेताओं को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान दिया जाएगा।

### ये है एलीजिबिलिटी क्राइटेरिया

NBRCOM में यंग रिसर्च अवॉर्ड के लिए 35 साल तक की उम्र वाले यूजी, पीजी, पीएचडी, रिसर्च स्कॉलर, फैकल्टी रिसर्चर्स पात्र हैं। ऑर्गनाइजिंग कमेटी, ज्यूरी से जुड़े हुए व NBRCOM- 2018, 2019 व 2021 में अवॉर्ड प्राप्त कर चुके रिसर्चर्स अवॉर्ड के लिए पात्र नहीं हैं, हालांकि वे रिसर्च प्रस्तुत कर सकते हैं।

## Yuva स्टोरीज



**बच्चों ने पढ़ीं स्वरचित कविताएं | जयपुर।** आमेर रोड स्थित एयरफोर्स स्कूल में शनिवार को हिंदी विभाग की ओर से 'खेल खेल में सीखें हिंदी' के तहत विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। स्कूल मीडिया प्रभारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने अपनी लिखी कविताओं का गायन किया। सभी बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं जिनका श्रोताओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके साथ ही ज्ञान-विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा जी-20 पर हिंदी में अन्तर-सदनीय निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सुखोई सदन ने प्रथम तथा चीता सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में प्राचार्या सीमा भाटी ने प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से इनका अनुकरण कर अपने विचारों को कविता, कहानी, निबंध आदि के रूप में लिखकर बोलने के लिए प्रेरित किया।



**डॉ. कैलाश बुनकर को मिला संस्कृत सारस्वत सम्मान | जयपुर।** डॉ. कैलाश चन्द्र बुनकर को राजस्थान संस्कृत अकादमी की ओर से संस्कृत सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्कृत अकादमी की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत सेवी अलंकरण समारोह में डॉ. बुनकर को यह सम्मान दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला शामिल हुए। अध्यक्षता अकादमी निदेशक डॉ. सरोज कोचर ने की। विशिष्ट अतिथि खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा व संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे थे। डॉ. कैलाश चन्द्र बुनकर को पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, श्रीफल और 2100 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सैकड़ों संस्कृत प्रेमी मौजूद थे।



**बच्चों ने दिया तंबाकू मुक्ति का संदेश| जयपुर।** आंधी, जमवारामगढ़ स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शनिवार को 'नो बैग डे' के अवसर पर 'तंबाकू मुक्त विद्यालय एवं गांव' विद्यार्थियों ने रैली निकाली। रैली में विद्यार्थियों ने पोस्टर, बैनर, तख्तियों आदि के माध्यम से तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति आम जन को जागरूक किया व इससे दूर रहने का संदेश दिया। इसके साथ ही संस्कृत सप्ताह के चलते विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से संस्कृत भाषा के प्रति भी जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र शर्मा ने बालकों को तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने संस्कृत भाषा के महत्व पर भी विचार रखे। संयोजक वरिष्ठ अध्यापक डॉ. काना राम रैगर ने देव भाषा संस्कृत के बारे में कहा कि यह सभी भाषाओं की जननी है जो हमें आध्यात्मिक, आधिभौतिक और अधिदैविक दुखों से निवृति देने के साथ ही सन्मार्ग की ओर चलने की प्रेरणा देती है। वर्तमान में युवा वर्ग अनेक प्रकार की गलत आदतों का शिकार हो रहा है, उन सबसे राहत पाने की शैली संस्कृत भाषा में उपलब्ध है| वरिष्ठ अध्यापक आनन्द सिंह ने बालकों को तंबांकु नहीं खाने की शपथ दिलाई। स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक रामस्वरूप, सपना अग्रवाल, ओमप्रकाश मीना, मीना चावला, प्रीति, चिरंजीलाल माली, हेमंत शर्मा आदि इस मौके पर मौजूद रहे।

**101 पौधे लगाकर शुरू हुआ अभियान | जयपुर।** ईको रिसोर्स फाउंडेशन एवं मालवीय कॉन्वेंट स्कूल की ओर से शनिवार को पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान विभिन्न इलाकों में पौधारोपण किया गया। अभियान की शुरुआत पर 101 विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने इस अवसर पर



सभी को पौधारोपण का संकल्प दिलवाया। एमसीएस के निदेशक डॉ. सन्नी कपूर ने बताया कि वर्तमान में चल रहे ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पौधारोपण एकमात्र विकल्प है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## वीजीयू में 'आगाज-2023' की शानदार शुरुआत

# स्टूडेंट्स को नसीहत: अपना 'पैशन' निखार बनें 'पेशेवर'

बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की ओर से शनिवार को शुरू हुए 'आगाज-2023' में देश के अलग अलग इलाकों से आए मैनेजमेंट स्टूडेंट्स ने अपनी स्किल्स दिखाईं। वीजीयू ने इस अवसर पर हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की भी घोषणा की। आगाज-2023 का आयोजन प्रबंधन छात्रों को विभिन्न एक्टिविटीज में भाग लेने का मौका देने के लिए किया गया है जिससे उनके प्रबंधकीय व उद्यमिता कौशल में निखार आ सके। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह गणेश स्तुति और दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत मैनेजमेंट विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट असीम पुरोहित ने किया।

मुख्य अतिथि जयपुर फुट के सचिव डॉ. दीपेंद्र मेहता को वीजीयू अध्यक्ष प्रो. विजय वीर सिंह ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक नितिन कक्कड़ भी कार्यक्रम में शामिल हुए जिनका स्वागत निदेशक मालविका बगरिया ने किया। वीजीयू के मुख्य पेट्रन के राम ने इस अवसर पर भावनाओं के प्रबंधन को लेकर स्टूडेंट्स को संबोधित किया। उन्होंने भगवान बुद्ध व महावीर की शिक्षाओं पर आधारित दर्शन के माध्यम से भावनाओं के प्रबंधन के टिप्स दिए।

वीजीयू के प्रबंधन फेस्ट 'आगाज 2023' में 20 विभिन्न इवेंट्स हो रहे हैं। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से आने वाले एक हजार से अधिक प्रबंधन छात्र इनमें भाग ले रहे हैं। आगाज में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को तीन लाख तक के नकद पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।





### बनें अपने जीवन के निर्देशक

फिल्म निर्देशक नितिन कक्कड़ ने मैनेजमेंट स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपने जीवन का निर्देशक खुद बनना चाहिए। उन्होंने स्टूडेंट्स को मजबूत चरित्र विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की कार्यप्रणाली व उद्देश्य पर बात करते हुए स्टूडेंट्स को जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रोत्साहित किया।

### सफलता के लिए कंफर्ट जोन से बाहर आएं

वीजीयू प्रबंधन समिति के सदस्य अनिल बाफना ने छात्रों को जीवन के उद्देश्य की खोज करने और 'पैशन' और 'पेशेवर' के बीच की दुरी को कम करने की दिशा में मार्गदर्शन किया। वीजीयू संस्थापक डॉ. केआर बगरिया ने छात्रों को जीवन में कुछ महत्वपूर्ण हासिल करने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर आने की नसीहत दी।



## JKLU में फ्रेशर्स पार्टी

# नए स्टूडेंट्स का हुआ रंगारंग 'परिचय'

बेधड़क | जयपुर

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में शनिवार को फ्यूजन फिएस्टा थीम पर फ्रेशर्स पार्टी 'परिचय' का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के विभिन्न कोर्सेज में फर्स्ट ईयर में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए आयोजित इस पार्टी में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन हुए। फ्रेशर्स ने अपना परिचय दिया और अपनी रुचियों के बारे में बात की। इसके बाद बॉलीवुड थीम पर विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं। स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस के आधार पर मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट हंट आदि खिताबों से स्टुडेंट्स को नवाजा गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स अफेयर्स हेड दीपक सोगानी ने नए स्टूडेंट्स के वेलकम के साथ की।

उन्होंने स्टूडेंट्स से सेशन के पहले ही दिन से पुरी शिद्दत के साथ अपने लक्ष्य के लिए जुट जाने को कहा। सोगानी ने बताया कि प्रोग्राम का आयोजन यूनिवर्सिटी के विभिन्न क्लब्स की ओर से किया गया। वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने सभी स्टूडेंट्स को प्रोग्राम की सफलता का श्रेय दिया एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षित होंगे युवा

**जयपुर।** सरला झंवर प्रबंधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मालवीय नगर स्थित एपेक्स हॉस्पिटल में मैनेजमेंट डेवलपमेंट ट्रेनिंग की शुरुआत शनिवार को की गई। कार्यक्रम संयोजक सिद्धांत झंवर ने बताया कि छह माह तक चलने वाले इस प्रोग्राम के दौरान युवाओं में मैनेजमेंट लीडरशिप क्वालिटी के विकास के लिए काम किया जाएगा।

इस दौरान 16 ऑनलाइन एवं 6 ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें 40 टॉपिक्स कवर किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधन से संबंधित 5 किताबों का भी अध्ययन एक्सपर्ट के द्वारा करवाया जाएगा। सिद्धांत झंवर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शुरू से



ही युवाओं में मैनेजमेंट लीडरशिप के गुण विकसित करना है, जिससे आने वाले समय में बेहतर लीडर्स उपलब्ध हो सके।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम छह माह के आगामी चरणों में अलग अलग बैच के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रोग्राम के पहले दिन एपेक्स हॉस्पिटल समूह के निदेशक डॉ. सचिन झंवर ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं लीडरशिप के टिप्स दिए।

# कृष्ण बाल लीला में बरसा ओडिसी का लालित्य



बेधड़क | जयपुर

स्पिक मैके के जयपुर चैप्टर की ओर युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ओडिसी नृत्य के सर्किट में शनिवार को आईआईएस यूनिवर्सिटी और स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना कविता द्विवेदी ने साथी कलाकारों के साथ इन दोनों संस्थानों में प्रस्तुति के स्टूडेंट्स को ओडिसी की बारीकियों, मुद्राओं व लय-ताल की जानकारी दी।

सरस्वती व दुर्गा स्तुति से कार्यक्रम शुरू कर उन्होंने मैया यशोदा के साथ कृष्ण की बाल लीलाओं का अभिनय कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। जयपुर चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. मृणाली कांकर ने बताया कि उनके साथ मरदाल पर मानस सारंगी, गायन में प्रशांत कुमार एवं सितार पर यार मोहम्मद ने संगत दी।

कार्यक्रम में स्पीक मैके जयपुर चैप्टर के अजीत पंडित मौजूद रहे। एसकेआईटी में करीब 900 तथा आईआईएस यूनिवर्सिटी में 350 विद्यार्थी और शिक्षक- शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

**सेरेमनी** | **प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवॉर्ड का 12वां संस्करण आयोजित**

# शिक्षा की अलख जगाने वाले 135 शिक्षक सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

नई पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए अपना जीवन खपा देने वाले शिक्षकों का सम्मान देने के लिए थार सर्वोदय संस्थान, सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड-2023' के 12वें संस्करण का आयोजन शनिवार को जवाहर कला केंद्र में किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान के साथ ही दिल्ली, लखनऊ व जम्मू-कश्मीर के 135 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि शिक्षक समाज को ज्ञान देने के साथ ही समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने का काम भी करते हैं। शिक्षकों का स्थान समाज में महत्वपूर्ण है। सम्मान समारोह में उमंग स्कूल, विमुक्ति गर्ल्स स्कूल और टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का मंच संचालन शिल्पी गोस्वामी व आकांशा जोशी ने किया। इस वर्ष सम्मान समारोह में राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बाड़मेर, अजमेर, पाली एवं जालोर से 101 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके आलावा दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लखनऊ के 34 शिक्षकों का सम्मान हुआ।




### छह शिक्षकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

माला माथुर मेमोरियल 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड इन एजुकेशन' के रूप में शिक्षकों की कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान किया गया। इस वर्ग में पीएन कावुरी, डॉ. मालाश्री लाल, संदीप सेठी, प्रो.बनवारी लाल गौड़, रानी हूजा और रीमा हूजा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। सम्मानित एजुकेशन इंस्टिट्यूट्स में मणिपाल यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, हरिदेव जोशी जर्नलिज्म यूनिवर्सिटी, आर्य कॉलेज, आईआईएस यूनिवर्सिटी, हिन्दू कॉलेज-दिल्ली, एमपीएस स्कूल, नीरजा मोदी स्कूल, पैलेस स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा, एमजीडी स्कूल, उमंग, कैनवास इंटरनेशनल प्री स्कूल, मैक इंस्टिट्यूट, आईएनआईएफडी और रेड स्कैच इंस्टीट्यूट सहित कई शहरी एवं ग्रामीण स्कूलों के शिक्षक सम्मानित हुए।



### दीक्षा सक्सेना बनीं बेस्ट टीचर

ज्योति विद्यापीठ वुमन यूनिवर्सिटी में पत्रकारिता विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत दीक्षा सक्सेना को बेस्ट शिक्षक-2023 का अवॉर्ड मिला। यह अवॉर्ड उनकी ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया।

## बेंगलुरु में मल्लेश्वरम में 7 हजार साल पुराना है चमत्कारी शिव मंदिर






पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**शाश्वत सनातन**

*मल्लेश्वरम में 7,000 साल पुराना भगवान शिव का एक ऐसा मंदिर है, जहां पर नंदी जलधारा से लगातार भगवान का अभिषेक कर रहे हैं। यह जलधारा उनके मुंह से निकल रही है, जिसका पानी एकदम साफ-सुथरा है। यह जलधारा कहां से निकल रही है। इसका स्त्रोत क्या है और यह सीधे शिवलिंग पर ही क्यों आ रही है, कोई नहीं जान पाया है। मंदिर और मन्दिर प्रांगण आज भी अच्छी स्थिति में है। आंगन खंभों पर टिका हुआ है। नंदी की मूर्ति काले ग्रेनाइट से बनाई गई है और इनकी आंखें सुनहरे रंग से रंगी हुई हैं।*

# सालों से नंदी कर रहे हैं शिव का जलधारा से अभिषेक

कर्नाटक के बेंगलुरु में मल्लेश्वरम में 17वां क्रॉस सबसे व्यस्त केंद्रों में से एक है। यह 1997 का वर्ष था, जब यहां जमीन को समतल करने के लिए एक टीले को खोदा जा रहा था। इस दौरान मजदूरों ने देखा कि एक पत्थर का स्ट्रक्चर नजर आ रहा है।

थोड़ी और गहरी खुदाई की तो उन्हें एक मंदिर का शिखर दिखाई दिया। तब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई और जब उन्होंने उस क्षेत्र की खुदाई करवाई तो उन्हें एक 7,000 साल पुराने मंदिर का अवशेष मिला।

आश्चर्य की बात यह थी कि मंदिर का नंदीश्वर लगभग सुरक्षित था। जब स्थानीय लोग और मंदिर के अधिकारी इस खुदाई के पीछे की कहानी बताते हैं तो कोई भी आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रहता कि कैसे एक प्राचीन मंदिर समय की रेत के नीचे दब गया। इतने सालों तक किसी को भी इसका पता नही चला। इसके अलावा, यह इतने लंबे समय तक लोगों, विभिन्न इतिहासवेत्ताओं, और एएसआई अधिकारियों के ध्यान में आने से कैसे बच गया। इस मंदिर की कार्बन डेटिंग से पता चला है कि यह 7,000 साल पुराना है।

मंदिर और मन्दिर प्रांगण आज भी अच्छी स्थिति में है। आंगन खंभों पर टिका हुआ है। नंदी की मूर्ति काले ग्रेनाइट से बनाई गई है और इनकी आंखें सुनहरे रंग से रंगी हुई हैं। इसके नीचे और खोदा गया तो शिवलिंग निकला। यह काले ग्रेनाइट से बनाया गया है।



### मंदिर से पुराने हैं शिलालेख

*ऐसी भी मान्यता है कि मंदिर के निर्माण में शिवाजी ने किसी न किसी तरह से योगदान दिया था। ऐसा इसलिए है, क्योंकि शिवाजी और उनके पिता शाहजी का घनिष्ठ संबंध है। कड्डु मल्लेश्वर मंदिर जो इस मंदिर के बिल्कुल सामने है। कुछ शिलालेख ऐसे हैं जिनके बारे में माना जाता है कि ये मंदिर की संरचना से भी पुराने हैं। यह दक्षिण मुख नदी तीर्थ कल्याणी क्षेत्र बेंगलुरु शहर के हृदय मल्लेश्वरम में स्थित है। इसको नदी तीर्थ, नंदीश्वर तीर्थ, बसवा तीर्थ, या केवल मल्लेश्वरम, नंदीगुड़ी के नाम से भी जाना जाता है।*

### शिवलिंग के ऊपर बने एक चबूतरे पर विराजे हैं नंदी


*जब एएसआई अधिकारियों ने नंदी का मुख साफ किया तो मुख से पानी की धारा बह रही थी जो एक छोटे छिद्र से नीचे शिवलिंग तक जा रही थी। यह पानी की धारा आज भी लगातार शिवलिंग पर जा रही है। यहां से पानी कल्याणी में एकत्र होता है। यह पानी बिल्कुल साफ है। मंदिर में नंदी को शिवलिंग के ऊपर बने एक चबूतरे पर रखा गया है। गर्भगृह से एक छोटे कल्याणी या तालाब तक जाने के लिए सीढ़ियां हैं। कल्याणी के मध्य में एक भंवर भी है। भंवर कम से कम 15 फीट गहरा है। नंदी को पानी कैसे मिलता है, यह किस जलप्रवाह के स्त्रोत्र और तंत्र से आता है, इसका कोई पता नहीं चल पाया है।*

### गणेश मंदिर और नवग्रह मंच भी मिला

*मंदिर की खुदाई में प्राप्त गणेश को समर्पित एक छोटा सा मंदिर है जो शिवलिंग के बाईं ओर गलियारे में स्थित है। मुख्य देवता के दाहिनी ओर गलियारे में एक नवग्रह मंच है, जिस पर नवग्रहों की स्थापना की गई है।*

**कविता**

## उड़ान





निकिता प्रजापति

पंख लगा के उड़ जा तू
छूले हर ऊंचाई को।
देख जलेगी ये दुनिया भी
तेरी हर सफलता को।
स्मरण रखना एक बात
जो आज में तुझसे कहती हूं।
युद्ध भूमि भी तेरी है
और शत्रु भी वहां तू ही है।
जंग तेरी तुझसे है
हार-जीत का मूल्य नहीं।
आलस्य का महल तोड़कर
उम्मीदों का पहाड़ बना।
चलना होगा अंगारों पर
खुदको तू मजबूत बना।
पैर जब डगमगाए तेरे
खुदको तू आवाज लगा।
हौसला बुलंद कर
जोश से कदम बढ़ा।
भूल का अब तू इस दुनिया को
इसकी कड़वी बातों को।
लोगों का तो काम है कहना
तेरा काम है आगे बढ़ना।
पानी अगर सफलता है तो
रख विश्वास उड़ जा तू।

**शब्दों की सीख**

# दावेदारी



डॉ. कांता मीना
शिक्षाविद् एवं साहित्यकार

अजय अपनी दादी को अखबार पढ़ कर सुना रहा था। भारत चांद पर पहुंचने वाला चौथा देश बना और चांद के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया। रक्षाबंधन से पहले ही धरती माता ने चंदा मामा के राखी बांध दी है। तभी बीच में दादी बोली- आज मेरा चश्मा टूट गया है, लगा मुझे कहानी सुनाने! अरे दादी कहानी नहीं, सच्ची बात है। देखो तस्वीर, जिसमें धरती माता राखी बांध रही है। हां, हां, हां अब जल्दी से मेरी लाठी ले आ, मेरा भ्रमण पर जाने का समय हो गया है। तभी दरवाजे पर गाड़ी आकर रुकी।

दादी बोली-देखो अजय कौन है? तभी सामने से एक युवा आता हुआ बोला-दादी मुझे नहीं पहचाना। मैं दिलीप जी का बड़ा लड़का। अरे राजन! हां, क्या बात है दादी आपको तो मेरा नाम भी पता है। ये कौन है तेरे साथ। मेरे दोस्त हैं। अच्छा आज कैसे आना हुआ तेरा राजन। बबलू और उसकी पत्नी तो नौकरी पर गए हैं। राजन बस दादी आपका आशीर्वाद चाहिए था। अरे, क्या तू भी चांद पर जा रहा है। नहीं, दादी आपके इस बेटे ने अपनी दावेदारी जता दी है। दादी ,कहां पर क्या जता दी है तूने। अरे दादी अबकी चुनाव में जनसेवा का भार संभाल रहा हूं। दादी बोली अच्छा चुनाव लड़ रहा है। हां, अच्छा है लड़ो। मेरा आशीर्वाद तो सदैव तुम्हारे साथ है। ठीक है दादी। दोबारा से पैर छूकर राजन गाड़ी में बैठ कर चल दिया। उधर, दादी भी चल दी भ्रमण के लिए। अभी दरवाजे पर पहुंची ही थी कि एक और गाड़ी दादी के ठीक सामने आकर रुकी। साड़ी पहने हुए घूंघट में दादी के पैर छुए। अरे यामिनी तू आज इतनी जल्दी में कैसे। सब कुशल मंगल तो है ना? यामिनी बोली हां दादी। बस आपका आशीर्वाद लेने आई थी। दादी भी समझ चुकी थी कि उसके राज्य में चुनाव होने वाले हैं। सभी लोग अपनी अपनी दावेदारी जता रहे हैं। दादी कुछ बोलती उससे पहले ही यामिनी तो गाड़ी में बैठकर चलती बनी। दादी भ्रमण से वापस लौट कर घर आई तो अजय बोला-दादी लगता है आज तो पूरे देश को आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है। दादी बोली ऐसा क्या हुआ। अजय बोला-अब तक छः लोग तो आ चुके हैं आपका आशीर्वाद लेने। मैने तो खिड़की से ही मना कर दिया और बोला कि शाम को आना अभी दादी बाहर गई हुई है। अजय और कुछ बोलता उससे पहले ही दीपक आ गया।

दादी आपका आशीर्वाद चाहिए। दादी बोली- आज तो सभी को मेरा आशीर्वाद चाहिए। जब दादी को जरूरत होती है, तब कोई संभालने नहीं आता। दादी ऐसा क्यों बोलती हो। मैं तो हमेशा सबकी सहायता के लिए तैयार खड़ा रहता हूं। अरे दीपक तेरी बात अलग है। तुझे तो पता है उम्र हो गई है तेरी दादी की। अस्सी में एक कम। मैंने तो अपने आपको फिट रख रखा है, इसलिए हाथ पैर चल रहे हैं। दीपक अबकी बार अपने क्षेत्र में कुछ ज्यादा ही दावेदार हो गए हैं। जिम्मेदारी संभाली नहीं जाती है इनसे और दावेदारी जता रहें है। अरे, क्या चुनाव भी कोई दावेदारी से जीत सकता है भला। ये तो जनसेवा है। जनता जिसके काम से खुश होगी उसे ही सौंप देगी जनप्रतिनिधि का खिताब। तभी कुसुम आ गई। बोली-दादी! क्या हुआ आज तो आपके घर सुबह से ही गाड़ियां बहुत आ रही हैं। अरे! कुछ नहीं कुसुम बता तेरे काका अबकी बार चुनाव में दावेदारी नही जता रहे क्या? नहीं दादी हर बार उन्हें आश्वाशन मिलता है और अंत में टिकट किसी और को दे दिया जाता है। इसलिए इस बार चुपचाप घर में ही बैठे है। ठीक है, अभी तो चलती हूं, शाम को आती हूं। दीपक बेटा तुमसे एक बात कहूं-तुम बुरा मत मानना तुम मेरे दिल के बहुत करीब हो। देखो इन सबके चक्कर में मत पड़ो अपनी मेहनत से अपने व्यापार को संभालो। वैसे भी तुझे समाज सेवा करनी है तो वह तो तू वर्षो से कर रहा है। तभी उस क्षेत्र का वर्तमान जन प्रतिनिधि वहां आ गया। अरे सुमन काकी स्वास्थ्य कैसा है आप का। दादी बोली बिल्कुल ठीक है, तू बता काम कैसा चल रहा है तेरा। बस आपके आशीर्वाद की आवश्यकता ज्यादा है। क्यों क्या हुआ? लगता है मेरे दुश्मन ज्यादा हो गए है, देखो मेरे सामने कम से कम बीस से पच्चीस दावेदार खड़े हो गए हैं। पहली बार आपने ही मुझे सलाह दी थी-कि मैं जनसेवा करूं बस इसलिए आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अरे बलबीर ज्यादा चिंता मत कर। जरा शांत रह पहले तो ठंडा पानी पी और सोच ऐसी नौबत क्यों आई। तभी एक लड़का अपने हाथ में कैमरा लेकर आ गया और बोला साहब तस्वीर ले लूं क्या सोशल साइट पर डालने के लिए। दादी ने मना कर दिया। अरे बलवीर मुझे याद है कि तेरा नामांकन पहली बार तेरे काका ने ही भरा था।

पर मुझे कहना तो नहीं चाहिए, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज की जनता काम देखती हैं वो भी धरातल पर। सपनों की दुनिया को आज के युवा नहीं मानते। तेरी पार्टी को जिताऊ उम्मीदवार चाहिए, हो सकता है उन्हें तेरे जीतने की आशंका कम लगती हो। ये तो पता नहीं काकी, मेरा तो एक पैर राजधानी में एक पैर यहां लगा रहता है। दादी बोली- चल अभी पता करते हैं। तू जा अंदर बैठ में आती हूं। दीपक जाकर कुसुम को बुला ला, कुसुम के पास पूरे क्षेत्र की खबर रहती है। कुसुम ने बलवीर को पहले कभी प्रत्यक्ष नहीं देखा था। हमेशा बलवीर का नाम सुनती या तस्वीरों में ही देखती थी। अरे दादी क्या हुआ? कुछ नही कुसुम मेरा एक रिश्तेदार आया है जरा चाय, नाश्ता बना दे। क्यों नहीं दादी। दादी ने कुसुम से पूछा कि अबके अपने क्षेत्र में किसे जन प्रतिनिधि चुनना है। क्या तेरी महिला मंडली पुराने वाले को ही वापस कमान देना चाहती है।

अरे दादी नहीं, अबकी बार वो नया लड़का है ना, क्या नाम है उसका। पवन, उसे समर्थन देने की सोची है। क्यों क्या हुआ? पुराने वाले को बहुत सालों का अनुभव है। क्षेत्र में विकास भी तो बहुत करवाया है उसने। कुसुम बोली- दादी! आपको पता नही है महिलाएं हर समय उसे कोसती रहती हैं। जन प्रतिनिधि को मत देने का मतलब अपना मन देना है, जिसको अपना मन दे दिया उससे महिलाओं को अपेक्षा ज्यादा होती है। सुबह जागने से लेकर रात को सोने तक सौ बार उलाहना देती है। कैसे कुसुम जरा विस्तार से समझाना। अब देखो आज ही की बात ले लो सुबह बच्चों के लिए नाश्ता बनाने लगी तो बिजली चली गई। सोचा कपड़े हाथ से ही धो लेती हूं तो पता चला पिछले दो दिन से पानी नहीं आया। सोचा जब तक बिजली आती है तब तक थोड़ा राशन का सामान लेकर आती हूं। रास्ता इतना खराब था कि समझ में नहीं आ रहा था सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। ये तो रोजमर्रा की बात है। शाम को तुम्हारा बेटा घर आया और बोलने लगा साहब ने किसी अपने आदमी को लगाने के चक्कर में मुझे दूसरी जगह भेज दिया है। अब बताओ यह कोई न्याय संगत बात थोड़ी है कि अपने लोगों को रखने के चक्कर में आम आदमी को आम की तरह चूस कर फेंक दिया जाए। अबकी बार मैंने तो पूरा मन बना लिया है नए को मौका देंगे, कुछ तो बदलाव होगा। अच्छा दादी अभी तो मैं चलती हूं। बलवीर दादी की तरफ देख रहा था। दादी बोली- जीतने के लिए एक-एक मत कीमती होता है। खासतौर पर महिलाओं का। अब वो जमाना तो रहा नहीं कि जैसा घर वाले कहेंगे उसी के अनुसार मत देगी। अब आगे तेरी जनसेवा,मेरा आशीर्वाद तो सदैव तेरे साथ है। बलवीर चुपचाप गाड़ी में बैठा और चलता बना।

**रायपुर में कांग्रेस का युवा नेता सम्मेलन:** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री व भाजपा को घेरा, कहा...

# पीएम देश को बताएं अडाणी के खिलाफ क्यों नहीं करा रहे हैं जांच

एजेंसी | रायपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री को देश की जनता को बताना चाहिए कि वह अडाणी के खिलाफ जांच क्यों नहीं करा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नफरत एवं हिंसा से देश प्रगति नहीं कर सकता है और न ही वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सकता है। गांधी ने शनिवार को नवा रायपुर में राजीव युवा मितान सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा,कुछ दिनों पहले आर्थिक मामलों के दुनिया के सबसे बड़े अखबार ने लिखा था कि नरेन्द्र मोदी के करीबी अडाणी ने हिंदुस्तान से हजारों करोड़ रुपए बाहर भेजे और उस पैसे से स्टॉक मार्केट में अपने शेयर के दाम बढ़ाए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए तथा देश को और छत्तीसगढ़ युवाओं को बताना चाहिए कि वह अडाणी की जांच क्यों नहीं करा रहे हैं। ऐसी क्या बात है कि नरेन्द्र मोदी जांच नहीं करा रहे हैं। हिन्दुस्तान से जो हजारों करोड़ रुपए बाहर गए वह किसका पैसा था। वह अडाणी का पैसा नहीं था, किसी और का पैसा था।



### 2-4 अरबपतियों के लिए करते हैं काम

गांधी ने कहा, मैं आपको साफ कर देता हूं कि प्रधानमंत्री अडाणी की कोई जांच नहीं करा सकते क्योंकि जांच का नतीजा निकल गया तो उसका नुकसान अडाणी को नहीं किसी और को होगा। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा और नरेन्द्र मोदी हिन्दुस्तान के दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। नाम आप जानते ही हैं।

### हमारा काम लोगों को जोड़ना

राहुल गांधी ने कहा, कुछ महीने पहले कर्नाटक में चुनाव हुआ एक तरफ भाजपा और उनकी विचारधारा तथा दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा थी। उनका काम लोगों को बांटने का, नफरत फैलाने का, हिंसा फैलाने का है। हमारा काम लोगों को जोड़ने का है तथा नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलने का है।

### देश नफरत और हिंसा से कभी आगे नहीं बढ़ सकता

राहुल ने कहा, छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को धान के लिए सही दाम दिया। हम झूठे वादे नहीं करते। हम 15 लाख रुपए देने का वादा नहीं कर सकते। देश नफरत से आगे नहीं जा सकता है। हिंसा से देश आगे नहीं जा सकता है, इससे अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ सकती है। मोहब्बत से, इज्जत से काम किया जाता है और देश को जोड़ा जाता है तथा सब को एक साथ लाया जाता है तो देश तेजी से प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है क्योंकि वह नहीं चाहती कि वे जंगल से बाहर आएं और विभिन्न क्षेत्रों में अपने सपनों को पूरा करें।

## कावेरी जल विवाद: सिद्धरमैया पीएम से करेंगे मुलाकात



**बगलकोट(कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कम बारिश होने के चलते कावेरी नदी के जलग्रहण क्षेत्र में सूखे की स्थिति रहने को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिलने का समय मांगा है। वह मंजूरी का इंतजार कर रहे अन्य लंबित परियोजनाओं के साथ-साथ इस मुद्दे पर राज्य के हित का संरक्षण करने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार कावेरी नदी का जल तमिलनाडु को छोड़े जाने के मुद्दे पर कोवरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और उच्चतम न्यायालय के समक्ष जमीनी हकीकत बयां करेगी। ज्ञात हो कि तमिलनाडु को पानी छोड़ने के कर्नाटक सरकार के कदम के खिलाफ कावेरी नदी के आसपास के क्षेत्रों में स्थित मैसुरु, मांडया और चामराजनगर के कई किसान संगठनों ने प्रदर्शन किए हैं।

## पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता: कांग्रेस

**जम्मू।** कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा। वानी ने कहा कि योग्य उम्मीदवारों को पार्टी का टिकट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की गलत नीतियों के कारण जम्मू कश्मीर के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने मोदी और भाजपा पर जम्मू कश्मीर के लोगों की जमीन और नौकरियों पर अधिकार छीनने तथा एक पूर्ण राज्य को एक केंद्र शासित प्रदेश में तब्दील करने का आरोप लगाया।

**भाजपा का छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ** आरोप पत्र जारी

# सीएम बघेल ने राज्य को गांधी परिवार का एटीएम बना दिया

एजेंसी | रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ शनिवार को 104 पृष्ठों का आरोप पत्र जारी किया और कहा कि केवल भाजपा ही छत्तीसगढ़ को कांग्रेस की लूट, अत्याचार और कुशासन से बचा सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनाने का भी आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

शाह ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण नहीं रोकने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कोयला, शराब, ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित कथित घोटालों की जांच को लेकर कहा कि केवल भाजपा ही छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के घोटालों, अत्याचारों और कुशासन से बचा सकती है। शाह ने कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'महादेव ऑनलाइन बुक' से जुड़े धनशोधन मामले का जिक्र करते हुए कहा कि क्या छत्तीसगढ़ की जनता युवाओं को ऑनलाइन सट्टेबाजी की ओर धकेलने वाली बघेल सरकार चाहती है, या युवाओं के विकास का काम करने वाली भाजपा सरकार चाहती है। उन्होंने ने कहा, लोगों को यह तय करना होगा कि क्या वे भूपेश बघेल सरकार चाहते हैं जो आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की बात करती है, लेकिन यहां धर्मांतरण फलता-फूलता है या भाजपा सरकार जो आदिवासियों और उनकी संस्कृति की रक्षा और सुरक्षा करती है।



### सत्ता में आए तो भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटका देंगे

शाह ने कहा, मैंने प्रशासन में ऐसी अराजकता कभी नहीं देखी जिसमें कलेक्टर भ्रष्टाचार के पैसे इकट्ठा करने वाले बन गए हों। इस तरह का शासन छत्तीसगढ़ का विकास नहीं कर सकता है। शाह ने कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है उन्हें उल्टा लटका दिया जाएगा।

### राजग सरकार आएगी सत्ता में

भाजपा नेता ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार फिर से सत्ता में आएगी और भाजपा उससे पहले छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक यहां भाजपा की सरकार ने अटल जी के सपने को साकार करने का काम किया, छत्तीसगढ़ को निखारने का काम किया, लेकिन जब 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी तब उसने यहां लूट, भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार बनायी जिसके कारण छत्तीसगढ़ के विकास के मार्ग पर एक सवालिया निशान लग गया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सिर्फ एक चुनाव नहीं है बल्कि यह छत्तीसगढ़ के भविष्य को बदलने का चुनाव है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2018 विधानसभा चुनाव से पहले लोगों से किए गए वादे भूल गए हैं, उनके द्वारा किए गए 36 बड़े वादों में से उन्नीस अधूरे हैं जबकि अन्य वादों में से 316 अभी भी अधूरे हैं। इस अवसर पर भाजपा के राज्य प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

**एक देश, एक चुनाव:** विरोध का सुर मुखर

# कांग्रेस ने खरगे को सदस्य न बनाने पर उठाया सवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की संभावना पर विचार करने के लिए गठित समिति को देश में संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने का एक प्रयास करार देते हुए शनिवार को कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इस समिति का हिस्सा नहीं बनाना समझ से परे है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह सवाल भी किया कि क्या खरगे को समिति से इसलिए बाहर रखा गया क्योंकि वह भाजपा एवं आरएसएस के लिए सुविधाजनक नही हैं? वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, संसद का अपमान करते हुए भाजपा ने राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष के स्थान पर एक पूर्व नेता प्रतिपक्ष (गुलाम नबी आजाद) को समिति में नियुक्त किया है। उन्होने दावा किया, भाजपा ने सबसे पहले अडाणी 'महाघोटाले', बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और लोगों के अन्य ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह नौटंकी की। फिर उन्होंने अपने धुर विरोधियों को बाहर करके इस समिति के संतुलन को एक तरफ झुकाने की कोशिश की। वेणुगोपाल ने सवाल किया, 'खरगे को बाहर करने के पीछे क्या कारण है?



### एक साथ चुनाव कराना संभव नहीं

आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के नेता मालविंदर सिंह कंग ने शनिवार को चंडीगढ़ में कहा कि देश में इसे लागू करना संवैधानिक, कानूनी या व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। कंग ने कहा कि भारत विभिन्न राज्यों का एक संघ है और देश में विभिन्न धर्मों, जातियों, समुदायों और भाषाओं के लोग रहते हैं इसलिए एक साथ चुनाव कराना संवैधानिक, कानूनी या व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लेकिन, भाजपा का विचार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव', 'एक राष्ट्र, एक पार्टी', 'एक राष्ट्र, एक धर्म' और 'एक राष्ट्र, एक भाषा' है जो हमारे देश, संविधान और लोकतंत्र के सार के खिलाफ है।

**मराठा आरक्षण:** हिंसा के मामले में 360 लोगों पर FIR

# कांग्रेस ने मांगा डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस का इस्तीफा

एजेंसी | औरंगाबाद

महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर जारी आंदोलन पर शनिवार को सियासी घमासान भी शुरू हो गया। विपक्षी नेताओं ने शुक्रवार को हुई घटनाओं को लेकर राज्य की शिवसेना-भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने हिंसा में संलिप्तता के आरोप में 360 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया कि पुलिस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक से ध्यान हटाने के लिए सरकार के आदेश पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने मराठा आरक्षण की मांग से जुड़े प्रदर्शन के दौरान जालना जिले में हुई हिंसा को लेकर शनिवार को उपमुख्यमंत्री फडणवीस के इस्तीफे की मांग की।



### आंदोलनकारियों से मिले शरद पवार

शरद पवार ने आंदोलनकारियों से शनिवार को मुलाकात की और आरक्षण पर लागू 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा हटाने की मांग की। पवार ने कहा कि आंदोलनकारियों ने उन्हें बताया कि उच्च पद पर आसीन एक व्यक्ति का फोन आने पर धुले-सोलापुर मार्ग पर अंतरवाली सराटी में प्रदर्शन स्थल पर पुलिस का रवैया बदल गया। उन्होंने यह भी कहा कि 'जातिगत सर्वेक्षण', और आरक्षण की ऊपरी सीमा हटाने पर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में चर्चा हुई।

## चुनावी मोड में एमपी: आशीर्वाद यात्रा और मंथन का दौर







*भोपाल। मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा व कांग्रेस दोनों विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी हैं। भाजपा ने आशीर्वाद यात्रा शुरू की है, तो कांग्रेस पार्टी स्तर पर संगठन के नेताओं के साथ बैठक कर अपने चुनाव अभियान को गति दे रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और पार्टी के अन्य नेताओं ने शनिवार को भोपाल में पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, पार्टी के मध्य प्रदेश के मामलों के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य नेताओं ने शनिवार को भोपाल में पार्टी के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की।* **-पीटीआई**

**विपक्षी गठबंधन का एकता राग**

# गांधी जयंती पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित करेगा 'इंडिया': नीतीश

एजेंसी | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित करेगा। मुंबई में हुई गठबंधन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। हालांकि उन्होंने इन प्रस्तावित कार्यक्रमों का ब्योरा नहीं दिया। नीतीश ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया गया है तथा सीट का बंटवारा शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। नीतीश ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि भाजपा की अगुवाई वाला राजग 'विपक्ष की एकता' से घबरा गया है, इसलिए केंद्र सरकार ने इस महीने के उत्तरार्द्ध में संसद का विशेष सत्र बुलाया है और अब तक उसके एजेंडे का खुलासा नहीं किया है। इंडिया गठबंधन ने सत्तारूढ़ भाजपा में घबराहट पैदा कर दी है और इसने केंद्र सरकार को विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ कराने की संभावना तलाशने के लिए बाध्य किया है। इस कदम ने भाजपा की घबराहट सामने ला दी है क्योंकि उसने इंडिया गठबंधन के तहत विपक्षी दलों की एकता देख ली है। नीतीश ने कहा, हमने प्रस्ताव किया है कि इंडिया गठबंधन देशभर में गांधी जयंती मनाएगा।



### जातीय सर्वेक्षण, जनगणना का मुद्दा उठाएंगे

नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में जातीय सर्वेक्षण कराया है। इससे पहले केंद्र ने स्पष्ट किया था कि वह अनुसूचित जाति/जनजाति को छोड़कर अन्य सामाजिक समूहों की पृथक गणना नहीं कराएगा। नीतीश ने संसद के विशेष सत्र का बुलाया जाना इस बात का संकेत है कि वे समयपूर्व चुनाव कराने की सोच रहे हैं, मुझे इसकी संभावना पहले नजर आई थी और मैं यह बात आप सभी को बता चुका हूं।

### गठबंधन देश के समक्ष उपयुक्त एजेंडा रखे



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने यदि देश के समक्ष एक उपयुक्त एजेंडा नहीं रखा तो उसकी कोशिशें बेकार हो जाएंगी। उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में प्रकाशित संपादकीय में कहा गया कि सभी राज्यों में सीट बंटवारे के मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए। ठाकरे ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो इस गठबंधन की आलोचना कर रहे हैं वे 'भारत विरोधी' हैं। विपक्षी दल तानाशाही को खत्म करने के लिए एकसाथ आए हैं। शिवसेना (यूबीटी) को गठबंधन में सम्मानजनक स्थान मिला है। दूसरी ओर संपादकीय में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का राज्य में वामदलों के साथ मतभेद है, लेकिन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में हिस्सा लिया। केरल में भी इसी तरह कांग्रेस और माकपा प्रतिद्वंद्वी हैं।

### कांग्रेस के साथ वार्ता अंतिम चरण में



**हैदराबाद।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाईएस शर्मिला ने शनिवार को कहा कि एक साथ काम करने या संभावित 'विलय' पर कांग्रेस पार्टी के साथ उनकी बातचीत अंतिम चरण में है। शर्मिला ने इस पर हाल ही दिल्ली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ वार्ता की थी।अपने पिता और आंध्र प्रदेश (अविभाजित) के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर शनिवार को माल्यार्पण करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "लंबी चर्चा हुई। हमने चर्चा की कि कैसे साथ मिलकर काम किया जाए और केसीआर की भ्रष्ट सरकार को कैसे हराया जाए। ये चर्चाएं अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

## जरूरी खबर

### सेना प्रमुख का LOC पर अग्रिम क्षेत्रों का दौरा



**जम्मू।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और अभियानगत तैयारियों एवं सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेना प्रमुख को अभियानगत तैयारियों के बारे में जानकारी दी। सेना के अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने राजौरी सेक्टर में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और समीक्षा की। उन्होंने नियंत्रण रेखा पर अभियानगत तत्परता और प्रभावी दबदबे की सराहना की।

### ज्ञानवापी मामला: ASI ने आठ हफ्ते का और समय मांगा

**वाराणसी (उप्र)।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण पूरा करने एवं सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए आठ सप्ताह का और समय मांगा है। एएसआई ने शनिवार को जिला न्यायाधीश की अदालत में आवेदन दिया, जिस पर सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय की गई है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश के अवकाश पर होने पर प्रभारी जिला न्यायाधीश एडीजे प्रथम संजीव सिन्हा ने इस मामले पर सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय की है। जिला न्यायाधीश की अदालत ने सील वजूखाने को छोड़कर ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण करने और उसकी रिपोर्ट चार सितंबर तक जमा करने के आदेश दिए थे।

### बालासोर हादसा: तीन रेलवे अफसरों पर आरोप पत्र पेश

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दो जून के बालासोर ट्रेन दुर्घटना मामले में कथित गैर-इरादतन हत्या और सबूत नष्ट करने के सिलसिले में गिरफ्तार रेलवे के तीन अधिकारियों के खिलाफ शनिवार को आरोप-पत्र दायर किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने बालासोर जिले में तैनात तीन वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, सेक्शन इंजीनियर अमीर खंड और तकनीशियन पप्पू कुमार को बालासोर ट्रेन दुर्घटना की जांच के सिलसिले में सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। इस दुर्घटना में 296 लोग मारे गए थे।

## केरल में नौका दौड़ का रोमांच



*पतनमतित्ता। केरल में भव्य नौका दौड़ वहां की अनूठी परम्परा है। प्राचीन नौका गीतों के तेज स्वर के बीच इन सर्प की आकृति वाली नौकाओं की दौड़ के आयोजनों को देखने लोग बड़ी संख्या में जुटते हैं। पतनमतित्ता जिले में शनिवार को नौका दौड़ में शामिल नौकाएं एवं उनमें सवार लोग। -पीटीआई*

### नरेश गोयल को ईडी की हिरासत में भेजा गया



**मुंबई।** महानगर स्थित एक विशेष धनशोधन रोधी अदालत ने केनरा बैंक की शिकायत पर दर्ज 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को शनिवार को 11 सितंबर तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। गोयल (74) को केंद्रीय एजेंसी ने शुक्रवार रात यहां अपने कार्यालय में लंबी पूछताछ के बाद धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें शनिवार को अदालत में पेश किया गया। धनशोधन का मामला जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और उनकी निष्क्रिय हो चुकी एयरलाइन के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है।

**जी20 सम्मेलन:** अमरीकी राष्ट्रपति 7 को आएंगे भारत

# PM मोदी व जो बाइडेन की बैठक 8 सितंबर को

एजेंसी | वाशिंगटन/ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आगामी सात सितंबर को भारत जाएंगे। व्हाइट हाउस के मुताबिक, बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार रात कहा कि राष्ट्रपति बाइडन सम्मेलन के दौरान जी20 समूह के बेहतरीन नेतृत्व के लिए पीएम मोदी की सराहना करेंगे। साथ ही पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान दोनों पक्ष आपसी सहयोग बढ़ाने व रिश्तों को मजबूत करने पर फैसले कर सकते हैं। जी20 शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के नेता स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित अन्य अहम वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए उठाए जा रहे संयुक्त कदमों पर चर्चा करेंगे।



#### जी 20: वैश्विक जीडीपी में 85 प्रतिशत हिस्सा

जी20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतरसरकारी मंच है। इसके सदस्य देश लगभग 85 फीसदी वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), 75 फीसदी के आसपास वैश्विक कारोबार और करीब दो-तिहाई वैश्विक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

#### मोदी संरा महासभा सत्र में नहीं होंगे शामिल

संयुक्त राष्ट्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में शामिल नहीं होंगे और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की ताजा सूची में यह जानकारी दी गई है।

#### आसियान बैठक में शामिल होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता की छह और सात सितंबर को यात्रा करेंगे। मोदी 10 देशों के संगठन दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के समूह के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। इस वार्ता के केंद्र में आसियान के साथ भारत के बढ़ते व्यापार और सुरक्षा संबंध के रहने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के आमंत्रण पर छह से सात सितंबर तक जकार्ता की यात्रा करेंगे।


**संसद का विशेष सत्र:** पांच बैठकें होंगी

## न प्रश्नकाल ना गैर सरकारी काम

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह 22 सितंबर तक चलेगा। लोकसभा च राज्यसभा सचिवालय ने शनिवार यह जानकारी दी।

राज्यसभा सचिवालय ने अपने बुलेटिन में कहा है कि सत्र 18,19,20, 21 और 22 सितंबर तक चलेगा। सचिवालय सूत्रों के अनुसार विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों में प्रश्नकाल और



गैर सरकारी कामकाज नहीं होगा। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि एक राष्ट्र एक चुनाव समेत कई अहम मसलों पर चर्चा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में स्थानांतरित हो सकता है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई को किया था।

आमतौर पर संसद के तीन सत्र होते हैं। इसमें बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र शामिल हैं। विशेष परिस्थितियों में संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने का प्रवधान है।

### डिग्री पर आधार नंबर छापने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों से कहा है कि छात्रों की डिग्री और प्रोविजनल सर्टिफिकेट पर आधार नंबर छापने की अनुमति नहीं है। उच्च शिक्षा नियामक का यह निर्देश उन खबरों के बीच आया है कि राज्य सरकारें विश्वविद्यालयों की ओर से जारी होने वाली डिग्रियों और प्रोविजनल सर्टिफिकेट पर छात्रों का पूरा आधार नंबर छापने पर विचार कर रही हैं।

## दिल्ली पुलिस का पूरी वर्दी में अभ्यास, तैयारियां परखी

एजेंसी | नई दिल्ली

पुलिस ने जी 20 शिखर समिट मद्देनजर शनिवार को 'फुल ड्रेस' में अभ्यास किया और इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों से आए कार के काफिलों को सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य स्थानों तक पहुंचाया गया। पुलिस ने लोगों से हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों से आने-



जाने संबंधी मार्गों संबंधी सुझावों का पता लगाने के लिए 'जी-20 वर्चुअल हेल्प डेस्क' पर पर नजर रखने को कहा।

### भारत जी-20 के एजेंडा को सख्ती से आगे बढ़ाए: पेट्रीसिया स्कॉटलैंड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल की महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने कहा है कि भारत को जी-20 के एजेंडा को मजबूती से आगे बढ़ाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लैंगिक समानता और लैंगिक समावेशन का दृष्टिकोण हर चीज में समाहित हों। स्कॉटलैंड ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार के दौरान जलवायु परिवर्तन के प्रभावों में चिंताजनक लैंगिक असमानताओं पर प्रकाश डाला और इसमें इस महत्वपूर्ण समस्या के समाधान के लिए भारत के प्रयासों पर विशेष जोर दिया। स्कॉटलैंड ने भारत में प्राकृतिक आपदाओं की हालिया



श्रृंखला को इस असमानता का एक ज्वलंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, भूस्खलन की घटनाओं और सूखे की स्थिति बहुत ही खौफनाक है तथा यह सब बहुत तेजी से घटित हो रहा है।

### 'नटराज' की प्रतिमा होगी स्थापित




**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन स्थल पर भगवान शिव के 'नटराज' स्वरूप की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है। माना जा रहा है कि 'नटराज' की यह दुनिया में सबसे ऊंची प्रतिमा होगी। यह प्रतिमा आधार सहित 28 फीट ऊंची है और धातु ढलाई की प्राचीन 'मोम' तकनीक का उपयोग करके इसे बनाया गया है। 'नटराज' भगवान शंकर का स्वरूप है जिसमें वह ब्रह्मांड का सृजन करने और विध्वंस करने की उनकी शक्ति को 'तांडव'मुद्रा में दिखाया गया है।

### तैयारी बैठक में नहीं बुलाया: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के इन आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया कि आम आदमी पार्टी के मंत्रियों ने जी20 की तैयारियों से जुड़ी केवल एक बैठक में भागीदारी की, और कहा कि यदि उन्होंने तैयारियों में हमें शामिल किया होता तो हम बेहतर तैयारी किये होते।

### 'शिवलिंग' को फव्वारे के तौर पर स्थापित कर पाप किया: भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंत्री एवं आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को आरोप लगाया कि सार्वजनिक स्थान पर फव्वारे के रूप में शिवलिंग स्थापित करके पाप किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। सक्सेना ने हालांकि, इस आरोप का प्रतिवाद करते हुए कहा,मैं इसे कलाकृति



के तौर पर देखता हूं। मैं दूसरों की राय पर टिप्पणी नहीं कर सकता। भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह आरोप लगाया।

**इसरो की बड़ी पहल**

# एक और मिशन की तैयारी, अब एक्पोसैट को भेजा जाएगा अंतरिक्ष में

एजेंसी | बेंगलुरु

चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारने के एक पखवाड़े से भी कम समय में सूर्य के रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए 'आदित्य-एल1' को रवाना करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब अंतरिक्ष की समझ को और बढ़ाने के लिए अन्य परियोजना के साथ तैयार है। एक्पोसैट (एक्सर रे पोलारिमीटर सैटेलाइट) भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन है जो कठिन परिस्थितियों मे भी चमकीले खगोलीय एक्सरे स्रोतों के विभिन्न आयामों का अध्ययन करेगा। इसके लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष यान भेजा जाएगा जिसमें दो वैज्ञानिक अध्ययन उपकरण (पेलोड) लगे होंगे। इसरो ने बताया कि प्राथमिक उपकरण 'पोलिक्स' (एक्सरे में पोलारिमीटर उपकरण) खगोलीय मूल के 8-30 केवी फोटॉन की मध्यम एक्स-रे ऊर्जा रेंज में पोलारिमेट्री मापदंडों (ध्रुवीकरण की डिग्री और कोण) को मापेगा। इसरो के अनुसार, 'एक्सस्पेक्ट' (एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी और टाइमिंग) पेलोड 0.8-15 केवी की ऊर्जा रेंज में स्पेक्ट्रोस्कोपिक की जानकारी देगा। स्पेक्ट्रोस्कोपिक भौतिक विज्ञान की एक शाखा है जिसमें पदार्थों द्वारा उत्सर्जित या अवशोषित विद्युत चुंबकीय विकिरणों के स्पेक्ट्रमों का अध्ययन



किया जाता है और इस अध्ययन से पदार्थों की आंतरिक रचना का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। इसरो के एक अधिकारी ने बेंगलुरु स्थित मुख्यालय में कहा, एक्सपोसैट प्रक्षेपण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन निहारिका जैसे विभिन्न खगोलीय स्रोतों से उत्सर्जन तंत्र जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है और इसे समझना चुनौतीपूर्ण है।

#### क्या है एक्सोसैट

- एक्पोसैट (एक्सर रे पोलारिमीटर सैटेलाइट) भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन
- चमकीले खगोलीय एक्सरे स्रोतों के विभिन्न आयामों का करेगा अध्ययन
- उपग्रह में दो वैज्ञानिक अध्ययन उपकरण लगे होंगे

#### ... तो इसरो होगी तीसरी अंतरिक्ष एजेंसी

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, कोलकाता में अंतरिक्ष विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र के प्रमुख दिव्येंदु नंदी ने कहा, यह मिशन सूर्य के अंतरिक्ष-आधारित अध्ययन में भारत का पहला प्रयास है। यदि यह अंतरिक्ष में लैग्रेंज बिंदु एल1 तक पहुंचता है, तो नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद इसरो वहां सौर वेधशाला स्थापित करने वाली तीसरी अंतरिक्ष एजेंसी बन जाएगी।। नंदी ने पीटीआई-भाषा को बताया,लैग्रेंज बिंदु एल1 के पास रखा गया कोई भी उपग्रह सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा के साथ सामंजस्य स्थापित करेगा, जिससे चंद्रमा या पृथ्वी द्वारा कोई बाधा उत्पन्न कि बिना इसके द्वारा सूर्य का निर्बाध अवलोकन किया जा सकेगा। नंदी ने कहा, अंतरिक्ष के मौसम में सूर्य-प्रेरित परिवर्तन पृथ्वी पर प्रभाव डालने से पहले एल1 पर दिखाई देते हैं, जो पूर्वानुमान के लिए एक छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण खिड़की प्रदान करता है।' उन्होंने कहा, आदित्य-एल1 उपग्रह का उद्देश्य 'कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई) सहित सूर्य की गतिविधि के विभिन्न पहलुओं को उजागर करना है। यह पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष पर्यावरण की भी निगरानी करेगा और अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान मॉडल को परिष्कृत करने में योगदान देगा। गंभीर अंतरिक्ष मौसम दूरसंचार और नौवहन नेटवर्क, हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो संचार, ध्रुवीय मार्गों पर हवाई यातायात, विद्युत ऊर्जा ग्रिड और पृथ्वी के उच्च अक्षांशों पर तेल पाइपलाइनों को प्रभावित करता है।

## 'शादियां' में सुपरमॉडल और एक्ट्रेस दीप्ति गुजराल ने पेश की परंपरा

# 120 साल पुरानी सोने-चांदी से तैयार पोशाकों में झलका राजस्थानी वैभव

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के रैंप पर सोने-चांदी के 120 साल पहले बने वस्त्रों के डिजाइन को शोकेस किया। 47 मीटर का प्योर चांदी के काम का लहंगा, प्योर चांदी के लफ्जे की पोशाक के अलावा चांदी व 24 कैरट सोने का पानी चढ़ी राजपूती पोशाकें और शिफॉन की साड़ियों के कलेक्शन एक टक निगाहों से फैशन लवर्स देखते रहे। ये लग्जरियस ड्रेसेज राजस्थान की शान को भी शोकेस कर रही थीं। हेरिटेज, राजशाही और सोने-चांदी की ये आभा जयपुर के होटल क्लार्क आमेर में हुए ब्राइडल और जूलरी शो 'शादियां' में बिखरी।

इस दौरान राजपूती पोशाक, साड़ियां, लहंगों में दुल्हन जैसी सजी मॉडल्स ने रैंप पर राजस्थानी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। राजस्थान टूरिज्म, आर्ट लिटरेचर कल्चर डिपार्टमेंट, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, हाउसिंग बोर्ड, जल जीवन मिशन, पीएचईडी, नगर निगम हेरिटेज और स्वच्छ भारत मिशन के सहयोग से हुए शो में पीएचडी मंत्री महेश जोशी, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा और शादियां से संचित माथुर ने उद्घाटन किया। साथ ही अजमेर से विधायक अनीता भदेल, आईएएस राजेंद्र सिंह शेखावत, संचिता बिश्नोई, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीएचईडी सतीश जैन, जेजीईपीसी पूर्व अध्यक्ष राजीव जैन उपस्थित रहे।


फोटो: पंकज शर्मा



### 5 फैशन राउंड में डिजाइनर्स का तिलिस्म

राजस्थानी कल्चर, फैशन और धरोहर को प्रमोट करने के लिए हुए में 5 फैशन राउंड्स में जूलरी और फैशन डिजाइनर्स ने कलेक्शन शोकेस किए। शो की ग्रैंड ओपनिंग जश्न बाय हर्षिका राणावत और अनुराधा राठौड़ के डिजाइनर परिधान रहे। साथ ही पीएसजे जूलर्स के ब्राइडल जूलरी खास रही। इसमें प्राचीन वस्त्रों पर सजी कारीगिरी को नए ट्विस्ट के साथ शोकेस किया गया।



### डिजाइनर ने प्री-वेडिंग में दिखाई क्रिएटिविटी

दिल्ली से आए डिजाइनर शाहिद अफरीदी ने प्री-वेडिंग मेन्स वियर और पार्टी वियर डिजाइन्स डिस्प्ले की। शो के तीसरे सीक्वेंस में सत्यम साड़ीज की डिजाइनर साड़ियां में नए और यंग ब्राइड्स के लिए हैवी साड़ियों का कलेक्शन शोकेस किया गया। साथ ही सोने और मीना के ब्राइडल जूलरी को हाउस ऑफ राजपुताना से कुलभूषण सहतानी ने शोकेस किया। मुख्य आकर्षण ग्रैंड क्लोजिंग डिजाइनर प्रिया जैन और अग्रवाल एंड कंपनी से नारायण और विपुल अग्रवाल ने की। इस दौरान मॉडल्स ने जूलर्स के ओपन पोल्की, डायमंड और ट्रेडिशनल जड़ाउ के हैवी गहनों से डिजाइनर गारमेंट्स की शान बधाई। एक्ट्रेस और सुपरमॉडल दीप्ति गुजराल कुंदन, मीणा और जड़ाऊ के हैवी ब्राइडल जूलरी में सजी दिखी। इस दौरान लुक्स ने मेकअप और हेयरस्टाइल के साथ नई ब्राइड्स के लिए 2023-2024 के नए मेकअप और हेयर ट्रेंड्स प्रस्तुत किए।



## संकल्प यात्रा में विकास की बात



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा नेतृत्व में निकाली जा रही 'मालवीय नगर विकास संकल्प यात्रा' 21वें दिन वार्ड 149 स्थित मंडलेश्वर मंदिर, विजयपथ, राजापार्क के पास से शुरू हुई। यात्रा गुरुनानकपुरा होती हई पंचवटी सर्किल पर जाकर सभा में परिवर्तित हो गई। इस दौरान लोगों ने डॉ. अर्चना शर्मा का क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के लिए स्वागत किया। सड़क निर्माण कार्य, सीवर का कार्य, पार्कों में झूले, जिम और पीने के पानी की समस्या के निराकरण के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ अर्चना शर्मा ने कहा कि मालवीय नगर की जनता भ्रष्टावारियों, अतिक्रमणकारियों, सट्टा कारोबारियों एवं उनको सरंक्षण देने वालों से दूर रहें। विकास कार्य करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर मालवीय नगर एवं सी स्कीम ब्लॉक के समस्त मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## कीर्तन का बरसा अमृत



**बेधड़क. जयपुर।** नेट-थिएट में कलाकार हिम्मत दीप कौर ने गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज गुरुवाणी का शब्द कीर्तन सुनाकर दर्शकों को भक्ति में लीन कर दिया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि लाल तुझ बिन कौन करे, मुड़े फिर पाछे पछताए रे शबद को सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। अंत में गुरु वाणी का शबद फिर घर बेसहू हरिजन प्यारे, सतगुरु तुमने काज सांवरे सुनाकर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। गायिका गजल सम्राट स्व. जगजीत सिंह के भतीजे की पत्नी हैं, उन्होंने 1963 में जगजीत सिंह की ओर से उन्हें भेंट किए गए हारमोनियम से काय्रक्रम को परवान चढ़ाया।

## पेंशनर्स ने लिया गोठ का आनंद



**बेधड़क. जयपुर।** एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन यूनिट (द्वतीय) की वार्षिक सभा एवं पारिवारिक गोठ मानसरोवर के एसएफएस सेक्टर 6 स्थित सामुदायिक केंद्र में सम्पन्न हुई। इसमें दक्षिण भारत से त्रिवेन्द्रम, बेंगलोर, चेन्नई एवं कोलकाता, दिल्ली की यूनिट्स के अध्यक्ष एवं महासचिव ने हिस्सा लिया। जयपुर यूनिट् द्वितीय से सभी पदाधिकारी, आरपी सक्सेना , टीडी खुराना, एलएन शर्मा, यूसी गुप्ता ,एसके बज, एसके परिहार, केएल केशवनी एवं सतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित डॉक्टर संदीप कुमार नूनिया, तन्मय काबरा, बैंक डाक्टर कविता यादव द्वारा सीनियर साथियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

# City इवेंट्स

## शर्मा विप्र फाउंडेशन के शहर अध्यक्ष




**बेधड़क. जयपुर।** विप्र फाउंडेशन ने संगठनात्मक बदलाव के क्रम में जयपुर शहर में भी बड़ा बदलाव किया है। अब जयपुर हेरिटेज व ग्रेटर के स्थान पर जयपुर शहर का एक ही अध्यक्ष होगा। विप्र फाउंडेशन जयपुर शहर अध्यक्ष पद का दायित्व ब्राह्मण महासभा से आए महेंद्र शर्मा को सौंपा गया है। शर्मा को विप्र फाउंडेशन जोन 1 के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कर्नल ने नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर जयपुर जोन के पर्यवेक्षक उमेश तिवाड़ी, युवा राष्ट्रीय सह प्रभारी पवन शर्मा नटराज, आरोग्य साथी प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा, युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश शर्मा, अजय पारीक, उपाध्यक्ष संतोष दाधीच,प्यारे लाल शर्मा,धर्मेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री बसंत शर्मा, अनिल शर्मा,कमल शर्मा, राजेश शर्मा और दिलीप भारद्वाज किशन आदि मौजूद थे।

## बेटी प्रीमियर लीग ट्रॉफी का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के ग्राउंड पर प्रदेश भर की बेटियां आत्मविश्वास के साथ चौके-छक्के लगाते हुए स्पोर्ट्स के लिए देश को प्रोत्साहित करेंगी। इसके लिए 9 से 10 सितंबर तक विद्याश्रम क्रिकेट ग्राउंड में बेटी प्रीमियर लीग होगा। कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर फिल्म निर्माता-निर्देशक अमित बोकाड़िया को बनाया गया है। राईसा इवेंट की ओर से होने वाली लीग के आयोजक रमेश सरड़ा ने बताया कि बेटियों को राष्ट्रीय स्तर का नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर खिलाया जाएगा।

## नशा नहीं करने की शपथ दिलाई



**बेधड़क. जयपुर।** नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार के सहयोग से नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा शास्त्री नगर बस्ती में नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष हरीश भूटानी ने उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा उन्हें नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। पार्षद शिवकुमार सोनी ने नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की और लोगों को नशामुक्त रह कर अपना भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी विमला देवी ने कहा कि आज समाज में नशे की समस्या बढ़ती ही जा रही है। इसे दूर करने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने होंगे।

## तरुण शर्मा की पेंटिंग प्रदर्शनी

# शिव, शक्ति और कैलाश के स्वरूपों का दिखा समागम



बेधड़क | जयपुर

भगवान शिव के निवास स्थान कैलाश पर्वत के अद्भुत भाव और रहस्यों को कैनवास पर जीवंत कर जब जयपुर में सजाया गया तो भक्तों के साथ कला प्रेमी भी भाव-विभोर हो गए। नजारा था आईटीसी राजपुताना और आईसीए गैलरी के सहयोग से आयोजित आर्टिस्ट तरुण शर्मा की पेंटिंग एग्जीबिशन 'अनहद-साउंड ऑफ बिंग' का। प्रदर्शनी का उद्धघाटन मुख्य अतिथि ठाकुर दुष्यंत सिंह नायला, आईसीए गैलरी निर्देशक विजेंद्र बंसल आदि ने किया।

आर्ट प्रदर्शनी में 25 एब्स्ट्रेक्ट पेंटिंग्स को डिस्प्ले किया गया है, जिसमें शिव का नाद, कैलाश की ध्वनि और शक्ति का स्वरूप रंगों के समावेश में निखारते दिखे। सभी पेंटिंग में वाइल्ड स्ट्रोक्स, सूक्ष्म हाइलाइट्स, छाया और प्रकाश का प्रदर्शन देखने को मिला। शिव और कैलाश के प्रति विश्वास और अपनी कला दृष्टि के बारे में आर्टिस्ट तरुण शर्मा ने बताया, कि शिव और शक्ति के प्रति मेरा रुझान झरकाण्ड के रिकीया आश्रम में बिताए गए समय के दौरान बढ़ा। मैंने शिव की सेवा करते हुए एक चित्र तैयार किया जहां से इस संग्रह की शुरुआत हुई।

इसके साथ ही सभी पेंटिंग को पूरी करने के दौरान संस्कृत का अध्ययन जारी रखा और श्रीमद भगवत गीता ने भ्रमांड की ध्वनियों और रहस्यों की ओर आकर्षित किया। शो क्यूरेटर हेम राना ने बताया कि तरुण की जयपुर में यह दूसरी सोलो एग्जीबिशन है।

## बाल-गोपाल प्रतियोगिता का फर्स्ट लुक जारी

# 200 राधा और कृष्ण करेंगे जयपुर की धरती को पावन




बेधड़क | जयपुर

रैंप पर बच्चों के साथ उनकी मम्मियां भी होंगी और अनूठे राधा-कृष्ण को चीयरअप करेंगी। 200 से ज्यादा राधा-कृष्ण राजस्थानभर से आकर अपनी नटखट अदाओं से जयपुराइट्स को आकर्षित करेंगे। साथ ही राधा-कृष्ण के डांस फिलर खास होंगे। इसके लिए पहली झलक जयपुर में देखने को मिली।

आरएएस क्लब में हुए आयोजन में नन्हें राधा-कृष्ण ने यह फर्स्ट लुक जारी किया। अब हर साल की तरह इस साल भी जन्माष्टमी के पर्व पर 6 सितम्बर की शाम को बिड़ला सभागार में बाल-गोपाल प्रतियोगिता सीजन-25 का आयोजन किया जाएगा।

स्टूडियो बिग बॉस की ओर से पोस्टर का विमोचन किया और कार्यक्रम की तैयारियां देखी गईं। स्टूडियो बिग बॉस के डायरेक्टर अशोक राज सिंह ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म पर शहर के सबसे बड़े उत्सव को हम 25 साल से एक अलग अंदाज में मनाते आए हैं। जहां नन्हें राधा-कृष्ण बांसुरी, मोरपंखी, मुकुट, कमरबंध, पायल, धोती और लहंगे जैसे श्रृंगार में सजे दिखेंगे। कार्यक्रम के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके है, जिसमें अब तक सिर्फ जयपुर के साथ सवाई माधोपुर, चाकसू, सीकर, अलवर, अजमेर से परिजन बच्चों का रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

कांटेस्ट के लिए बच्चों को 6 ग्रुप्स में बांटा गया है, जिसमें नवजात से लेकर 7 साल तक के बच्चें प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**अनाउंसमेंट** 13 अक्टूबर को जैम सिनेमा में रिलीज होगी टाइगर ऑफ राजस्थान

# चार साल बाद धांसू अंदाज में स्क्रीन पर लौट रहे हैं AK

बेधड़क | जयपुर

अभिनेता अरविंद कुमार की मोस्ट अवैटेड फिल्म टाइगर ऑफ राजस्थान की रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने यह भी बता दिया है कि मूवी कहां रिलीज होगी।

'टाइगर ऑफ राजस्थान' 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में पहुंचेगी। जयपुर में यह जैम सिनेमा में 4 शो में दिखाई जाएगी। अरविंद कुमार ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बताया कि वे इस मूवी पर चार साल से काम कर रहे हैं। समय ज्यादा जरूर लगा है, लेकिन जो रिजल्ट आया है वह हौसला बढ़ाने वाला है। फिल्म को हितेश कुमार, जस्मिन कुमार, कशिश खान, सुनीता सगोटिया और प्रवीण सगोटिया ने प्रोडयूस किया है।

### शिक्षक बना गैंगस्टर

बात करें फिल्म की कहानी की तो यह एक ऐसे साधारण से शिक्षक की कहानी है, जो हालातवश गैंगस्टर बन जाता है। उसकी खास बात यह है कि वह अपराध की दुनिया में उतरने के बावजूद अपना मानवीस धर्म नहीं भूलता। वह उस दुनिया में रहते हुए भी रॉबिनहुड की तरह हमेशा गरीबों के साथ खड़ा रहता है, इसलिए लोग उसे प्यार से टाइगर ऑफ राजस्थान पुकारने लग जाते हैं। अब ऐसे क्या हालात बने कि शिक्षक को अपराध की राह अपनानी पड़ी। जुर्म की दुनिया में जाने के बाद उसकी जिंदगी में क्या बदलाव आया यह सब जानने के लिए तो फिल्म देखनी पड़ेगी।




### एक नया विलन होगा इंट्रोड्यूस

टाइगर ऑफ राजस्थान मूवी से अरविंद कुमार फिल्म इंडस्ट्री में एक नया विलन इंट्रोड्यूस करने जा रहे हैं। ये विलन राजस्थान के जयपुर से ही हैं और इनका नाम है माही कटारिया। माही की पारिवारिक पृष्ठभूमि फिल्मों की ही रही है। उनके पिता मोहन कटारिया राजस्थानी फिल्मों के लीजेंड्स में से एक हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि माही को एक्टिंग की घुट्टी तो विरासत में ही मिली है।

### सॉलिड स्टारकास्ट

टाइगर ऑफ राजस्थान की स्टारकास्ट की बात करें तो वह भी सॉलिड है। मूवी में टाइटल रोल में तो अरविंद कुमार हैं ही उनके साथ बॉलीवुड के अपने जमाने के स्टार विलन रणजीत और सुपरहिट राजस्थानी फिल्म बाई चाली सासरिए की हीरोइन उपासना सिंह, बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिशखा नागपाल, टीवी पर गोपी बहू के नाम से फेमस देवोलीना भट्टाचर्जी के साथ ही फेमस बॉलीवुड सिंगर अरविंदर सिंह इंपोर्टेंट रोल में नजर आएंगे। राजू श्रेष्ठा, भूपेश रसीन, हेमा चंदानी, सामीर खान, हर्षित माथुर, दीपेंद्र सिंह, शिवराज गुर्जर और मुमताज सागर सहित राजस्थान और राजस्थान से बाहर के कलाकार मूवी में काम कर रहे हैं।

अगर हमारे ख्वाब बड़े हैं तो संघर्ष कैसे छोटा हो सकता है!

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## पाकिस्तान में महंगाई के खिलाफ आंदोलन: बाजार बंद, सड़कों पर प्रदर्शन...



*__इस्लामाबाद।__ पाकिस्तान के हैदराबाद और पेशावर के साथ ही कई शहरों में शनिवार को मुद्रास्फीति, डॉलर के मुकाबले गिरती रुपए की कीमत, पेट्रोल-डीजल, शक्कर और बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। जहां पेशावर सहित कई जगह व्यापारियों ने बाजार बंद रखे, वहीं कई शहरों में जमात-ए-इस्लामी के समर्थकों ने रैलियां निकाल पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया।* **-पीटीआई**


### चीन में तूफान 'साओला' की दस्तक

# आपदा के मद्देनजर 9 लाख लोगों को पहुंचाया सुरक्षित स्थानों पर

**एजेंसी** | बीजिंग

दक्षिणी चीन में शनिवार सुबह तूफान 'साओला' ने दस्तक दी। चेतावनी को देखते हुए एक दिन पहले ही लगभग नौ लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया था।

इसके अलावा तूफान के चलते हांगकांग के अधिकतर हिस्से और तटीय दक्षिणी चीन के अन्य हिस्सों में व्यापारिक गतिविधियां, परिवहन सेवा और स्कूल बंद कर दिए गए। गुआंग्डोंग प्रांत के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बताया कि हांगकांग के ठीक दक्षिण में झुहाई शहर में रात तीन बजकर 30 मिनट यह शक्तिशाली तूफान आया। अनुमान जताया गया था कि तूफान 17 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गुआंग्डोंग तट के साथ दक्षिण-पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ेगा, लेकिन पहले से ही यह कमजोर पड़ने लगा। फिर भी, इसके कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।



### स्कूलों को अगले सप्ताह तक किया बंद

चेतावनी को देखते हुए शुक्रवार को ही गुआंग्डोंग में 7,80,000 लोगों को जोखिम वाले क्षेत्रों से बाहर निकाल लिया गया, जबकि पड़ोसी फुजियान प्रांत में 1,00,000 अन्य लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। ज्यादातर कामकाजी लोग घरों पर ही रहे और विभिन्न शहरों में स्कूलों को अगले सप्ताह तक के लिए बंद कर दिया गया है।

### हांगकांग शेयर बाजार बंद, 460 उड़ानें रद्द

हांगकांग के शेयर बाजार में शुक्रवार को कामकाज बंद कर दिया गया। इसके अलावा लगभग 460 उड़ानें रद्द होने से सैकड़ों लोग हवाई अड्डे पर फंसे रहे। समाचार चैनल 'सीसीटीवी' ने अपनी खबर में बताया कि रेल अधिकारियों ने शुक्रवार रात से शनिवार शाम तक गुआंग्डोंग प्रांत में आने वाली और यहां से रवाना होने वाली रेलगाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया।

### विश्व में दबदबा: थर्मन भी शामिल हुए छाए भारतीयों में

# जमी भारतवंशियों की धाक

**एजेंसी** | सिंगापुर

थर्मन षणमुगरत्नम के सिंगापुर का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के साथ ही वह भारतीय मूल के उन नेताओं की लंबी सूची में शामिल हो गए हैं, जो विश्व की महत्वपूर्ण राजधानियों में राजनीति पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। थर्मन भारतीय मूल के कई उन नेताओं में से हैं जो वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक सेवा के उच्चतम स्तर तक पहुंचे हैं। उनकी जीत दुनिया भर में भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है।

अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बढ़ते प्रभाव को कमला हैरिस की सफलता में देखा जा सकता है जो देश की पहली महिला उपराष्ट्रपति बनीं। वह 2017 से 2021 तक कैलिफोर्निया की सांसद रहीं। सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम ने बधाई संदेशों के बीच शनिवार को कहा कि वह "इतने उच्च स्तर के समर्थन" से आश्चर्यचकित हैं और वह जनता द्वारा दिए गए जनादेश को पूरा करने को लेकर बेहद गंभीर हैं। षणमुगरत्नम को शुक्रवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में 70.4 प्रतिशत वोट मिले। प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने शनिवार को थर्मन को बधाई दी।



### आयरलैंड के पीएम भी भारतीय

आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर भी भारतीय मूल के हैं। कैलिफोर्निया के एक प्रमुख राजनेता हरमीत ढिल्लों ने हाल ही में रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) के अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ा था। निक्की हेली और विवेक रामास्वामी जैसे भारतीय मूल के नेताओं ने 2024 में व्हाइट हाउस के लिए अपनी दावेदारी पेश की है।

### कमला हैरिस और सुनक का शानदार प्रदर्शन

हैरिस ने 2011 से 2017 तक कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल के रूप में भी काम किया। उनका जन्म कैलिफोर्निया में भारतीय पिता और जमैका की माता के यहां हुआ था। ऋषि सुनक पिछले साल ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री बने थे। वह 210 साल में इतिहास में सबसे कम उम्र के ब्रिटिश प्रधानमंत्री हैं। वह ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री भी हैं।

### अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास खत्म...

# उत्तर कोरिया ने दागीं कई क्रूज मिसाइलें

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया ने अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेना के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में अपनी हथियार परीक्षण गतिविधियों को गति देते हुए शनिवार को समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागी।

दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। दक्षिण कोरिया के 'जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने एक बयान में कहा कि उनकी सेना ने शनिवार सुबह उत्तर कोरिया द्वारा देश के पश्चिमी तट से कई मिसाइलों का प्रक्षेपण किए जाने के बारे में पता लगाया। बयान में कहा गया है कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारी प्रक्षेपण के विवरण का विश्लेषण कर रहे हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि दक्षिण कोरिया ने अपनी निगरानी क्षमता बढ़ा दी है और अमेरिका के साथ मजबूत समन्वय स्थापित किए हुए है।

उत्तर कोरिया ने यह प्रक्षेपण अमेरिका और दक्षिण कोरिया के 11 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास के खत्म होने के दो दिन बाद किया है। इस सैन्य अभ्यास के खत्म होने से एक दिन पहले भी उत्तर कोरिया ने उत्तर-पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। उत्तर कोरिया ने कहा था कि वह संघर्ष की स्थिति में दक्षिण कोरियाई क्षेत्र पर कब्जे के लिए कमांड पोस्ट अभ्यास कर रहा है।

### यूक्रेन के हमले को नाकाम किया: रूस

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसने यूक्रेन के तीन ड्रोन को मार गिराया है, जिन्हें मॉस्को और कब्जे किए गए क्रीमिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाले पुल पर हमला करने के लिए भेजा गया था। इस कारण एक साल में तीसरी बार इस अहम पुल को अस्थाई रूप से यातायात के लिए बंद करना पड़ा है। मंत्रालय ने बताया कि एक नौसैनिक ड्रोन को शुक्रवार देर रात और दो अन्य को शनिवार सुबह मार गिराया गया।

### पाकिस्तान के पंजाब में आईएसआईएस पर एक्शन

# पांच महिला आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने आईएसआईएस की पांच महिला आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह पहला मौका है जब पुलिस ने महिला आतंकियों को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के सीटीडी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये पुलिस ने लाहौर एवं शेखूपुरा से इन पांचों महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सीटीडी ने बयान जारी कर बताया कि महिला आतंकियों के पास से हथियार, नकदी, प्रतिबंधित साहित्य और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

बयान में कहा गया है, महिलाएं आईएसआईएस की सक्रिय सदस्य हैं। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान ऐमन, जावेरिया, सादिया, फैजा और फाखरा के रूप में की गई है। उनके खिलाफ आतंकवाद के मामले दर्ज हैं। उन्हें जांच के लिए अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है। पिछले महीने सीटीडी ने 20 से अधिक आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जो देशभर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना चाहते थे। उनमें से अधिकतर टीटीपी व आईएसआईएस से संबंधित थे।


### इंसानों को चांद पर भेज पाएगा भारत!

# अभी दो-तीन दशक और लगेंगे इसमें

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

करीब 50 साल पहले सोवियत संघ ने अपने लैंडर चांद पर उतार दिए तभी अमेरिका सबसे पहले इंसानों को भेजने में कामयाब हो गया। 54 साल पहले इंसान ने चांद पर कदम रख दिया था। इसके पांच दशक बाद अब भारत ने भी अपना टार्गेट चांद को बनाया और 23 अगस्त को चांद के साउथ पोल पर लैंडर उतार दिया, जो आज तक कोई नहीं कर सका था।

अब हर भारतीय के जेहन में सवाल है कि क्या कभी भारत चांद पर इंसानों को पहुंचा सकेगा? इसका जवाब अहमदाबाद में स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक नीलेश देसाई ने शुक्रवार को दिया। उन्होंने कहा कि चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने में कम से कम दो से तीन दशक लग सकते हैं।



### 4 अंतरिक्ष यात्री ले जाएगा आर्टेमिस-2

नासा 2024 के अंत तक आर्टेमिस-2 मिशन भेजेगा, जिसमें 4 अंतरिक्ष यात्रियों को चांद तक भेजा जाएगा। यह चांद का चक्कर लगा कर वापस आ जाएगा। इसमें आठ-दस दिन लगेंगे और ओरियन मॉड्यूल के लाइफ सपोर्ट सिस्टम और इसकी क्षमता का मूल्यवान डेटा इकट्ठा किया जाएगा। तीसरा आर्टेमिस मिशन 30 दिनों का होगा, जिसके तहत इंसानों को चांद पर भेजा जाएगा। स्पेसएक्स की तरफ से एक ह्यूमन लैंडिंग सिस्टम डिजाइन किया जा रहा है, जिससे इंसानों को चांद पर उतारा जाएगा।

### नासा अब फिर इंसानों को भेजेगा

अब नासा एक बार फिर 50 साल पुरानी कहानी दोहराना चाहता है। उसने साल 2025 तक इंसानों को एक बार फिर चांद पर पहुंचाने का निश्चय किया है। इसके लिए नासा ने आर्टेमिस प्रोग्राम की शुरुआत की है। इसमें तीन मिशन चलाए जाएंगे। सबसे पहला मिशन आर्टेमिस-1 है जो 2022 में पूरा हो गया है। इसके तहत खाली ओरायन कैप्सूल को चांद तक भेजा गया। ये कैप्सूल चांद का चक्कर लगा कर धरती पर वापस आ गया। इसने 4,50,000 किमी की यात्रा की थी और 130 किमी की ऊंचाई से चांद का चक्कर लगाया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl